THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, ATOMIC ENERGY, SPACE, ELECTRONICS AND OCEAN DEVELOPMENT (SHRI SHIVRAJ V. PATIL) :

I beg to lay on the Table :—

(1) A copy of Government Resolution No. F. 20019(2)82-Adm-I (Hindi and English versions) dated the 29th July, 1983 regarding modification of the constitution of the National Bio-technology Board. [Placed in Library. *See* No. LT-6930/83].

(2) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :—

(i) A statement regarding Review by the Government on the working of the Electronics Trade and Technology Development Corporation Limited, New Delhi for the year 1981-82.

(ii) Annual Report of the Electronics Trade and Technology Development Corporation Limited, New Delhi, for the year 1981-82 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General of India. [Placed in Library. *See* No. LT-6990/83].

Review on and Annual Report of National Aluminium Company Ltd. Bhubaneswar for the period from 1st April 1982 to 31st March 1983

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI N.K.P. SALVE) : I beg to lay on the Table—

A Copy each of the following papers (Hindi and English versions), under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 :—

(1) Review by the Government on the working of the National Aluminium Company Limited, Bhubaneswar, for the period from 1st April, 1982 to 31st March, 1983.

(2) Annual Report of the National Aluminium Company Limited, Bhubaneswar, for the period from 1st April, 1982 to 31st March, 1983 along with Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library *See* No. LT-6931/83]

Coal Mines Provident Fund (Amendment Scheme, 1983, Andhra Pradesh Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme 1983 and Rajasthan Coal Mines Provident Fund (Ammendment) Scheme, 1980.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF COAL IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI DALBIR SINGH) : I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under section 7A of the Coal Mines Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1948 :—

(1) The Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme, 1933 published in Notification No. G.S R. 513 in Gazette of India dated the 16th July, 1983.

(2) The Andhra Pradesh Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme, 1983 published in Notification No. G.S.R. 514 in Gazette of India dated the 16th July, 1983.

(3) The Rajasthan Coal Mines Provident Fund (Amendment) Scheme, 1983 published in Notification No. G.S.R. 515 in Gazette of India dated the 16th July, 1983.

[Placed in Library. *See* No. LT-6932/83]

---

12 26 hrs.

MESSAGES FROM RAJYA SABHA

SECRETARY : Sir, I have to report the following messages received from the Secretary-General of Rajya Sabha :

(i) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha, that the Rajya Sabha, at its sitting held on the 22nd August, 1983, agreed without any amendment to the Societies Registration (Delhi Amendment) Bill, 1983, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on 16th August, 1983."

(ii) "In accordance with the provisions of sub-rule (6) of rule 186 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to return herewith the Appropriation (No. 4) Bill, 1983, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 16th August, 1983, and transmitted to the Rajya Sabha for its recommendations and to state that this House has no recommendations to make to the Lok Sabha in regard to the said Bill."

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप नाराज मत होइए।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर) : नाराज मैं नहीं हो रहा हूं। लेकिन आप इस को स्टेट सबजेक्ट कैसे कह रहे हैं ?

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप मेरे पास आ जाइए, हम बात कर लेंगे।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : कहां बात करें ?

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : आप आइए मेरे पास बात करेंगे।

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : मैं यहां कुछ नहीं कह सकता ।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री : आप कुछ नहीं कह सकते तो हम वाक आउट करते है । बनारस हिन्दु यूनिवर्सिटी जल रही हैं ...(व्यवधान)... काशी विद्यापीठ भी जलेगा, सारा बनारस जलेगा ।

12.27 hrs.

Shri Rajnath Sonkar Shastai then left the House

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर): जो मैंने सबस्टेंटिव मोशन दिया था उस का क्या हुआ ?

अध्यक्ष महोदय : जब तक मैं देखूंगा नहीं, कुछ नहीं होगा ।

...(व्यवधान)...

अध्यक्ष महोदय : हम देख रहे है,

SHRI K. MAYATHEVAR (Dindigul): I have given a privilege motion ..**

MR. SPEAKER : Nothing goes on record without my permission. You come under specific rules. You have the bad habit of talking only. You do not listen. I have requested you to just give a notice under the rules and then we will discuss it.

SHRI K. MAYATHEVAR: I have given notice.

MR. SPEAKER : It is not proper.

---

12 28 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

Sixty-fourth Report

SHRI T. R. SHAMANNA (Bangalore South) : I beg to present the Sixty-fourth Report (Hindi and English versions) of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions.

COMMITTEE ON PAPERS LAID ON THE TABLE

Minutes

SHRIMATI KRISHNA SAHI : (Begusarai) I beg to lay on the Table Minutes (Hindi and English versions) of the sittings of the Committee on papers laid on the Table relating to their Fourteenth Report.

COMMITTEE ON PAPERS LAID ON THE TABLE

Fourteenth Report

SHRIMATI KRISHNA SAHI (Begusarai) : I beg to present the Fourteenth Report (Hindi and English versions) of the Committee on Papers laid on the Table.

12.29 hrs.

LEAVE OF ABSENCE FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE

MR. SPEAKER : The Committee on Absence of Members from the Sittings of the House in their Thirteenth Report have recommended that leave of absence be granted to the following Members for

**Not recorded.

the periods mentioned against each :-

1. Shri Lala Ram Ken —26 April to 10 May, 1983. (11th Session).

2. Shri Ramma-krishna More —10 April to 2 May, 1983. (11th Session).

3. Shri Chhote Lal Uike —25 March to 10 May, 1983, (11th Session).

Is it the pleasure of the House that leave as recommended by the Committee may be granted ?

SEVERAL HON'BLE MEMBER : Yes

MR. SPEAKER : The leave is granted. The Members will be informed accordingly.

———

12.30 hrs.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Reported loss of crops due to supaly of rotten seeds by National seeds Corporation to farmers

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : अध्यक्ष महोदय, मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर कृषि मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उस बारे में एक वक्तव्य दें :

"राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा राष्ट्र की आवश्यकताओं की परवाह किए बिना बढ़िया किस्म के बीजों का निर्यात किए जाने और किसानों को गले सड़े बीजों की सप्लाई किए जाने के कारण फसलों को नुकसान होने के समाचार तथा इस मामले में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही ।"

12.30 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH) : The National Seeds Corporation Limited is an apex organisation at national level for production and distribution of seeds. Till 1981-82, the NSC used to produce foundation and certifiied seeds, From 1982-83, they have also been producing small quantities of breeder seeds under direct supervision of the breeders or sponsored breeders. From a level of production of 7,421 qtls. of foundation seeds and 57,576 qtls. of certified/quality seeds during 1966-67, they have achieved a level of 98,000 qtls. of foundation seeds and 6.22 lakh quintals of certified/quality seeds in 1982-83 respectively. During 1983-84 production targets of foundation and certified seeds are 1.19 lakh qtls. and 10.80 lakh qtls. respectively.

2. Besides, production of seeds in NSC's own Farms NSC organises seed production through State Seeds Corporations/State Farms Corporation of India, State Agricultural Universities and contract growers/farmers. Fxcept for small quantities, rest of the seeds produced are offered for certification to various State Certification Agencies established under the Seeds Act. They certify the quality of the seeds after observing prescribed norms. After certification, the bags are sealed and a signed certification tag is attached to each bag. The NSC also distribute a small quantity of labelled seeds in addition to certified seeds but it conforms to specified standards. NSC has a system of field inspections and testing of these seeds in their own laboratories. During the past three years, out of a total quantum of 4.09 lakh qtls., 3.53 lakh qtls. and 5.27 lakh qtls. of seeds of five major cereals produced during the years 1980-81, 1981-82 and 1982-83 respectively, percentages of certified seeds has been as high a

[Rao Birendra Singh]

99.4%, 97.9% and 96.3%. The small quantities of the seeds produced could not be offered for certification, due to technical reasons, namely, that they had not been notified till the time of their production.

3. The NSC distributes seeds through its registered seed dealers, State Govts., cooperatives and its own sale depots. The quantity of seed distributed through its own sale depots. In marginal. The responsibility to check the quality of seeds of notified varieties on the distribution network rests with the State Govts. The NSC have also a scheme of "Money Back Guarantee". Under this scheme, if any seed supplied, by NSC is found substandard. the cost of the seeds is reimbursed to the farmers. This scheme was introduced in 1976-77.

4. In the light of the factual position given above, the possibility of distribution of rotten seeds by the NSC to the farmers is highly unlikely.

5. As regards the export of high quality seeds, according to the existing import and export policy of the Government, export of seeds of oilseeds and pulses are not allowed except on individual clearance which has seldom been given. In the case of wheat seed, export is being allowed through NSC only, specifically on the recommendation of the Ministry of Agriculture, which is based on the merit of each case. The export of seeds of other foodgrains was allowed under O.G.L. by the Commerce Ministry subject to availability of quality certificate of NSC or any other State Seed Certification Agency, but Agriculture Ministry has requested the Commerce Department to restrict these also in the same way as wheat seed and the latter have recently issued orders to this effect. As a matter of policy export of seeds the NSC is subject to meeting the needs of our farmers as the first charge. The export of seeds by the NSC declined from 1.73 lakh quintals during 1980-81 to only 603 qtls. during 1982-83. Though limited exports of certain seeds has to be allowed in the interest of international cooperation, it is not correct that high quality seeds were exported without taking into consideration our own requirements.

श्री चन्द्रपाल शैलानी : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान अपने मूल प्रश्न की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा प्रश्न था :

"राष्ट्रीय बीमा निगम द्वारा राष्ट्र की आवश्यकताओं की परवाह किए बिना बढ़िया किस्म के बीजों का निर्यात किए जाने और किसानों को सड़े-गले बीजों का निर्यात सप्लाई किए जाने के कारण फसलों को नुकसान होने के समाचार तथा इस मामले में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही"

माननीय मन्त्री जी ने जो स्टेटमेंट दिया है उसको, जितने भी माननीय सदस्य इस सदन में बैठे हैं, उन्होंने सुना है और पढ़ा भी है। माननीय कृषि मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, वह हमारे मूल प्रश्न से सम्बन्धित नहीं है। मेरा मूल प्रश्न है कि राष्ट्रीय बीज निगम ने कितना बीज बेचा है, जो सड़ा गला है और काम का नहीं है। जिसकी वजह से लाखों एकड़ फसल बेकार हो गई है। इन तमाम बातों को नजर अन्दाज करके बीज बाहर एक्सपोर्ट किया गया है। कौन सा बीज सड़ा-गला कितनी मात्रा में किसानों को दिया गया, उससे कितना नुकसान हुआ— इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री जी ने कतई कोई बात अपने उत्तर में नहीं कही है।

श्रीमन, माननीय कृषि मन्त्री जी के अधीन जो निगम हैं खास तौर से दो

निगम— राष्ट्रीय बीज निगम और एफ० सी० आई०— हैं, जिनकी मैं चर्चा करने जा रहा हूं। इनके कार्य कलापों के बारे में और इन कारगुजारी के बारे में कभी-कभी माननीय मंत्री जी को इस सदन में अपनी तरफ से सफाई देनी पड़ती है। इस काम को करने वाले कौन हैं, देश के हित में करते हैं, या देश के अहित में करते हैं, किसानों के हित में करते हैं या किसानों के अहित में करते हैं— मैं केवल इन सारी बातों की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आपके माध्यम से आकर्षित करना चाहता हूं।

माननीय मंत्री जी स्वयं एक किसान हैं और किसानों की जब फसल मारी जाती है, किसानों को जब नुकसान होता है, उसकी खड़ी फसल नष्ट हो जाती है, उसको किस तकलीफ और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है — इन सब से माननीय मन्त्री जी अच्छी तरह से वाकिफ हैं। उनके हृदय में भी किसानों के लिए काफी स्थान है। उनकी भलाई के लिए, उनकी अच्छाई के लिए इनके अन्तर्गत जो दो निगम आते हैं, उनके अधिकारी और कर्मचारी किस तरह से किसानों के हित के खिलाफ हो जाते हैं — इन चन्द बातों की ओर मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

जैसा कि माननीय मन्त्री जी ने अपने उत्तर में कहा है— राष्ट्रीय बीज निगम अपने फार्मों के उत्पादन करने के अलावा राज्य बीज निगमों/भारतीय राज्य फार्म निगम, राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों तथा अनुबंधित उत्पादकों/ किसानों के जरिए भी बीजों के उत्पादन की व्यवस्था करता है। बीजों की कुछ मामूली मात्रा को छोड़कर बाकी उत्पादित बीजों को बीज अधिनियम के तहत स्थापित विभिन्न राज्य प्रमाणीकरण एजेंसियों के पास प्रमाणीकरण के लिए भेजा जाता है। वे एजेंसियां निर्धारित मापदंडों के मुताबिक बीजों की क्वालिटी प्रमाणित करता है। माननीय मन्त्री जी ने विशेष तौर से अपने उत्तर में इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रीय बीज निगम के क्या कार्य हैं और किस तरह से वह बीज पैदा करता है और कितना परसेंट अच्छा बीज होता है, किस-किस प्रोसैस में होकर उसको निकलना पड़ता है और किसानो को बेचा जाता है। ये सारी बातें हमारे मूल प्रश्न में नही हैं। मूल प्रश्न यह है कि किसानों को सड़ा गला हुआ बीज सप्लाई किया गया है, जिसकी वजह से उनको नुकसान हुआ है। अभी कुछ दिनों पहले माननीय मंत्री जी ने अखबारों में पढ़ा होगा और उनके मंत्रालय के अधिकारियों ने उनको बताया होगा कि राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा दस हजार क्विटल बाजरा किसानों को, खास तौर पर मेरे सूबे के किसानों को, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के किसानों को बेचा गया है। दस हजार क्विटल बाजरे की इतनी अधिक मात्रा है कि कम से कम पांच लाख एकड़ जमीन में इसको बोया जा सकता है। जितने लोगों ने इसको बोया और जिन लोगों ने एन० एस० सी० से इसको खरीदा उनका कितना नुकसान हुआ है, कितना अहित हुआ है, इस ओर मंत्री जी का ध्यान नहीं गया है। हम लोग देहातों में रहते हैं। एफ० सी० आई० और एन० एस० सी० ने देश की आजादी के बाद काफी अच्छे काम किए हैं।

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

मैं यह नहीं कहता कि एन० एस० सी० का सारा काम खराब है, उन के यहां अच्छा काम भी हुआ है. 20-25 साल पहले जहां एक बीघा में कुल दो-ढाई मन अनाज पैदा होता था, आज हमारे कृषि विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने ऐसी-ऐसी किस्में पैदा की हैं कि एक बीघा खेत में 20 मन गेहूं पैदा होता है। इस के लिये वे बधाई के पात्र हैं, लेकिन जिस तरह यह कार्पोरेशन देश के किसानों का शोषण करता है, लूटता है, उस की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिल सकती है। इस लिये मैं राव साहब से चन्द सवालात पूछना चाहता हूं—

1. राष्ट्रीय बीज निगम ने दस हजार क्वींटल बाजरे का खराब सड़ा-गला बीज पिछले दिनों उत्तर प्रदेश और राजस्थान के किसानों को बेचा है। यह बीज किन-किन एजेन्सीज की मारफत किसानों को बेचा गया है।

2. क्या यह सही है कि आंध्र प्रदेश में पैदा किया हुआ यह बीज बी० जे० 104 आंध्र प्रदेश सीडस सर्टिफाइंग एजेन्सी ने रिजेक्ट कर दिया था? यदि हां, तो फिर क्यों एन० एस० सी० ने इसे लिया और किसानों को बोने के लिये बेचा

3. क्या यह भी सही है कि इस बीज को किसानों को न बेचने के लिए कृषि मंत्रालय ने राष्ट्रीय बीज निगम को हिदायत दी थी, किन्तु फिर भी बीज निगम ने बगैर परवाह किये उसे किसानों को बेच दिया?

4. क्या इण्डियन सीड्स एक्ट के मुताबिक खराब, नकली अथवा मिलावटी बीज सप्लाई करना निषेध है और एन० एस० सी० की "राशि-वापसी की गारन्टी" (मनी-बैक-गारन्टी) नामक जो योजना है, उस के तहत यह जो बाजरे का घटिया बीज जिन किसानों को सप्लाई किया गया है उन को कीमत वापस की जायगी अथवा नहीं? यदि की जायगी तो कब तक?

5. क्या इस घटिया बीज को सप्लाई करने में एन० एस० सी० या किसी अन्य सरकारी एजेन्सी के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों का हाथ? क्या सरकार का विचार इस घोटाले की जांच किसी बड़ी सरकारी एजेन्सी से कराने का है।

6. जिन किसानों की फसल बरबाद हुई है उन को मेहनत, खाद, पानी तथा अन्य कामों में भी पैसा लगाना पड़ता है। क्या सरकार का विचार उन किसानों को कम्पेन्सेट करने अथवा उन्हें आर्थिक मदद देने का है? यदि हां, तो कब तक?

7. पिछले एक वर्ष में कितने रुपये कीमत के किन-किन बीजों का एन० एस० सी० द्वारा निर्यात किया गया है? क्या यह निर्यात अपने देश के किसानों की आवश्यकताओं को नजर अंदाज कर के किया गया है?

सभापति महोदय, ये चन्द सवालात हैं जिन का देश के हित में माननीय मंत्री जी द्वारा जवाब दिया जाना आवश्यक है। इस लिये मैं पुनः निवेदन करता हूं कि वे इन सवालों का जवाब दे कर सदन और देश की जनता को अवगत करायें।

राव० बीरेन्द्र सिंह : चेअरमैन साहब, शैलानी जी ने जो बातें पूछी हैं, उन के मुताल्लिक जितने जवाब उन के प्रश्न में उठते थे, वे तो मैं दे चुका हूं। उन का यह ख्याल था कि किसानों को सड़े-गले बीज दिए गए हैं — इस बात को मैं साफ कर चुका हूं कि एन० एस० सी० द्वारा कोई भी सड़ा गला बीज दिए जाने की सम्भावना नहीं है।

जहां तक एक्सपोर्ट की बात है, मैंने अर्ज किया है कि एन० एस० सी० द्वारा बहुत कम एक्सपोर्ट हुआ है और अब तो पिछले साल के मुकाबले घट कर और भी कम हो गया है। पहले गेहूं का जितना भी बीज बाहर जाता था वह एन० एस० सी० के द्वारा जाता था और दूसरे बीजों का ओपन —जनरल—लाइसेंस के तहत होता था लेकिन उस पर भी अब हमारी सिफारिश पर कामर्स मिनिस्ट्री द्वारा पाबन्दी लगा दी गई है। फिर भी जितना बाहर भेजना पड़ता है — कुछ अन्तर्देशीय बातें होती हैं, एक्सचेन्ज प्रोग्राम है, उस के तहत देना पड़ता है, दूसरे मुल्कों के साथ अपने ताल्लुकात कायम रखने के लिये। लेकिन अब इस पर सख्ती से पाबन्दी लगा रहे हैं, आइन्दा जब तक हमारे किसानों की जरूरियात पूरी नहीं हो जायगी, ज्यादा बीज बाहर नहीं दिया जायगा। गेहूं के निर्यात पर पहले पाबन्दी लगी हुई थी, अब कल ही कामर्स मिनिस्ट्री ने नोटिफिकेशन जारी कर के बाकी बीजों के निर्यात पर भी पाबन्दी लगा दी है।

माननीय सदस्य का जो यह ख्याल है कि 10 हजार क्वींटल बाजरा का निकम्मा बीज यू० पी० के अन्दर बेचा गया, यह बात भी ठीक नहीं है। बाजरा का बीज आन्ध्र प्रदेश के बीज उगाने वालों की मार्फत तैयार कराया गया और लाया गया था। जब फसल के लिए तैयार हुआ, तो आप यह देखें कि यहां की जो सर्टीफिकेशन एजेन्सी है, उस ने कहा था कि जो जेनेटिक क्वालिटी है, जो प्यूरिटी आफ सीड होनी चाहिए वह उस में नहीं रही थी और हमारे कायदे-कानून में यह है कि जो बीज तैयार किया जाए, उस की जेनेटिक क्वालिटी रहनी चाहिए। इस वजह से जो वोराइटी, जो क्वालिटी का सर्टीफिकेट, जोकि सर्टिफाइड सीड के लिए दिया जाता है, वह नहीं था। इसलिए उस की प्यूरिटी का सर्टिफिकेट नहीं मिल सका लेकिन वह खरीद लिया गया इसलिए कि एन० एस० सी० टेस्ट कर के देख लिया था कि बीज खराब नहीं है बल्कि ट्रायल्स में यह पाया गया कि उस बीज से जो फसल हुई है, जो पैदावार हुई है, वह भी यूनिट और दूसरे बीजों से, प्योर बीजों से ज्यादा हुई है और उस से किसानों का कोई नुकसान नहीं हुआ है। फसलों का हाल देख कर एन० एस० सी० ने यह रिपोर्ट दी है और हम ने तसदीक कर के देख ली है कि यह बात भी सही नहीं है कि 10 हजार क्वींटल बीज जो आंध्र प्रदेश के किसानों के जरिए तैयार कराया गया था, वह सारे का सारा बेच दिया गया है। उस में से सिर्फ 4,840 क्वींटल बीज अभी तक बेचा गया है और इस 4,480 क्वींटल बीज में से सिर्फ 960 क्वींटल बीज उत्तर प्रदेश को बेचा गया है,हरियाणा को 450 क्वींटल और राजस्थान को 3,330 क्वींटल बीज राजस्थान में बिका है। यू० पी० के किसानों को सिर्फ 960 क्वींटल बीज बेचा गया है और एन० एस० सी० ने इस को हाईब्रिज कह कर दिया है और ने कोई धोका दे कर इस को नही बेचा है। उस ने कह दिया था कि यह हाईब्रिड बीज है, मिक्सड बीज है और

[राव बीरेन्द्र सिंह]

इस का ट्रायल होगा और आप यह तसल्ली कर लेंगे कि यह बीज खराब नहीं है । वह तसल्ली कर दी गई थी और इसलिए यह सवाल पैदा नहीं होता कि किसानों का कोई नुकसान हुआ हो लेकिन अगर माननीय सदस्य अपने मोशन के साथ यह बता देते कि कौन से सीड के मुताल्लिक उन का सवाल है, तो हम उस के बारे में मालूम करवा लेते । उन्होंने तो एक जनरल बात कह दी कि किसानों को बीज दिया गया । अब इस के बारे में हमारे लिए यह समझना मुश्किल है कि कौन से बीज की बावत वे खास तौर पर मालूम करना चाहते हैं । न उन्होंने कोई रिपोर्ट्स बताई और न कोई कापी रिपोर्टों की दी, जिन से हम आगे जांच कर लेते कि कहां के मुताल्लिक वे जानकारी हासिल करना चाहते हैं । एक जनरल रिपोर्ट की बात उन्होंने कर दी और उस के आधार पर जितना हम से हो पाया है, वह जबाब दे पाए हैं ।

सभापति महोदय : श्री अशफाक हुसैन ।

श्री चन्द्रपाल शैलानी : मेरा स्पेसीफिक सवाल है । आप केवल आधा मिनट मुझे दीजिए ।

सभापति महोदय : नो, नो । श्री हरीश रावत ।

श्री हरीश रावत (अल्मोड़ा) : अधिष्ठाता जी, माननीय मंत्री जी ने माननीय शैलानी जी के प्रश्न के जवाब में अभी यह कहा है कि जो प्वाइन्टेड प्रश्न पूछा गया था, उस का जवाब दे दिया गया है । मैं भी इस बात से सहमत हूं कि यह जो कालिंग एटेंशन है, उस की मंशा के अनुसार माननीय मंत्री जी ने जवाब जरूर दिया है लेकिन पिछले दिनों समाचारपत्रों में यह छपा था कि एन० एस० सी० के द्वारा जो बीज यू० पी०, हरियाणा और राजस्थान के किसानों को सप्लाई किया गया वह बीज एन० एस० सी०, वर्ल्ड बैंक और आंध्र प्रदेश में बीज पैदा करने वाली एजेन्सियों के सहयोग से पैदा किया गया था और उस का जो ब्रीडर, जो फाउन्डेशन बीज था, वही अपने आप में डिफेक्टिव था और उस के विषय में कृषि मंत्रालय ने एन० एस० सी० को चेतावनी दी थी कि ऐसा बीज किसानों को नहीं बेचा जाना चाहिए । इस प्रकार के समाचार जो प्रकाशित हुए थे, तब भी एन० एस० सी० के माध्यम से किसानों को बीज बेचा गया । जब इस प्रकार के समाचार समाचार-पत्रों के माध्यम से प्रकाशित हुए थे, तो कृषि मन्त्रालय का दायित्व है कि वह इस प्रश्न को क्लियर करे कि वास्तव में यह चेतावनी एन० एस० सी० को दी गई थी और अगर दी गयी थी, तो एन० एस० सी० ने उस को फालो क्यों नहीं किया और इस प्रकार का बीज कैसे किसानों तक पहुंचा । अब किसानों का जो यह लोस हुआ, हैं, उस के लिये एन० एस० सी० के जो अधिकारी जिम्मेबार हैं, उन के खिलाफ आप एसेंशियल कामोडिटीज एक्ट के मुताबिक या किसी दूसरे एक्ट के मुताबिक कोई कार्यवाही करने जा रहे हैं या नहीं और इस के साथ ही साथ जो किसानों का नुकसान हुआ है और यदि आप मानते हैं कि एन० एस० सी० द्वारा जो बीज दिया गया है, उस से नुकसान हुआ है, तो उन को आप कैसे कमपेन्सेट करने जा रहे हैं ।

मान्यवर, एन० एस० सी० हमारी एक एपेक्स बाडी है जिसकी बहुत जिम्मेदारियां हैं । हम नहीं चाहते कि इस विषय में इसको बदनाम किया जाए । मगर फिर भी, समय-

समय पर इसकी कार्यविधियों के विषय में संसद् में और संसद् के बाहर भी लोगों ने शंकाएं जाहिर की हैं और उन शंकाओं के निराकरण के विषय में जो कुछ संसद् में कहा गया, उसको एन० एस० सी० ने वस्तुतः फालो नहीं किया। मैं मान सकता हूं कि इसके कुछ कारण हो सकते हैं। इसका इतना बड़ा नेटवर्क है, इस पर मार्किटिंग का बहुत भार है और इतने बड़े नेटवर्क में पूरा चेक रखना एन० एस० सी० या किसी के लिए भी संभव नहीं होगा। मैं यह पूछना चाहता हूं कि एन० एस० सी० का जो मार्किटिंग का नेटवर्क है, उसमें एक्सटेंशन वर्कर्स का भी कोई सेल जैसा हो जो कि जाकर यह देखे कि किसान को जो बीज सप्लाई किया जा रहा है वह प्रोपरली सीड या जरमिनेट कर रहा है या नहीं, इस विषय में निगरानी रखने के लिए आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं ?

एन० एस० सी० किसान को बीज सप्लाई करता है और वह किसान के पास पहुंचता है। उसके बाद किसान को कोई जानकारी नहीं रहती कि वह कैसा है। क्या आप रबी और खरीफ के समय विभिन्न प्रकार के केम्प आयोजित कर के किसानों को बेसिक एलीमेंटरी देंगे, बीज के विषय में फर्टिलाइजर के विषय में ? क्या आपका मंत्रालय राज्य सरकारों के सहयोग से ऐसे केम्प आयोजित करने के विषय में कोई प्रयास करेगा ? मैं समझता हूं कि जो थोड़ी बहुत कहीं पर कमी रह जाती है उसको दूर किया जा सकता है।

क्या आप अपने मंत्रालय के द्वारा एन० एस० सी० में कोई ऐसा आरगेनाइजेशन क्रियेट करेंगे, जो कि एन० एस० सी० के ऊपर मार्केटिंग का इतना बड़ा भार है, उसके विषय में रेण्डम चेकिंग कर सके ? मान लीजिए आपने डीलर के पास थैला भेज दिया। अब डीलर ने उस बीज को बदल दिया। अच्छा बीज बड़े किसान को बेच दिया और रद्दी बीज गरीब और मार्जिनल फार्मर को बेच दिया। अब वह किसान तो कहीं जा नहीं सकता क्योंकि उसके ऊपर तो आपकी मोहर लगी हुई है। क्या इस प्रकार की कोई रेण्डम चेकिंग की व्यवस्था आप करेंगे ?

इसके अलावा बाहर सर्टिफाइड बीज के तौर पर ही नहीं, बल्कि क्वालिटी बीज के नाम पर भी बिकता है। एन० एस० सी० के द्वारा जो सर्टिफाइड बीज बिकता है, उसके ऊपर तो आपकी चेकिंग है, वह तो आपके एक्ट के परव्यू में भी आता है, या उसको आप के परव्यू में ले सकते हैं। मगर जो क्वालिटी बीज के नाम से बिकता है और रद्दी बीज बिकता है, उसको भी क्या आप एक्ट के परव्यू में लायेंगे क्योंकि कई राज्यों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं और कई स्थानों से इस तरह के समाचार आये हैं। इसके विषय में आप क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं ?

मान्यवर, सर्टिफाईड बीज का आइडिया अपने आप में बहुत अच्छा है जिसको सब लोगों ने वेलकम किया भी है। मगर कोई ऐसी बाडी होनी चाहिए जो सर्टिफिकेशन के काम को देखे। नेशनल लेबल पर कोई ऐसी एपेक्स बाडी हो जो विभिन्न राज्यों में यह देखे कि आपका जो सर्टिफाइड बीज है वह ठीक से काम कर रहा है या नहीं कर रहा है।

[श्री हरीश रावत]

साथ-साथ आपके जो विभिन्न फार्म्स हैं जिनमें कि बीज पैदा किया जाता है। वहां जो बीज पैदा किया जाता है, आपका पंतनगर का फार्म जो कि तराई में है, वहां पर जो गेहूं बीज पैदा किया जा रहा है उसके बारे में हाल में समाचार छपा था कि वह डिजिज के सामने वल्नरेबल नहीं है । यह चीज किसान को शंका में डालती है। इसके लिए मेरा निवेदन है कि आपके जो डिफ्रेंट लेवल्स पर फार्म्स हैं, जो कि सीड्स फार्म्स हैं और जितने प्रकार की आपकी सर्टिफिकेशन एजेन्सीज हैं उनके बीच में कोई क्लोज कोआरडिनेशन हो : इसके विषय में आपके मंत्रालय ने अब तक क्या कार्यवाही की ?

मान्यवर, एन० एस० सी० को एक सब से बड़ी दिक्कत यह फेस करनी पड़ती है कि उसको किसान के टेम्परामेंट की जानकारी नहीं रहती है कि किसान किस साल किस बीज को पसंद करेगा । एन० एस० सी० तो यह समझती है कि उन्हें तो बीज पैदा कर के मार्किट में भेज देना चाहिए । मान लिया कि वे मार्किट की रिक्वायरमेंट को भी केटर करते हैं, मार्किट में जो बीज की रिक्वायरमेंट है उसको भी केटर करते हैं। लेकिन किस साल किसान की क्या टेण्डेंसी बनेगी, वह किस प्रकार का बीज पसंद करेगा, इसकी जानकारी उनको नहीं रहती। कोई ऐसा आर्गनाइजेशन होना चाहिए जो किसानों की पसंद को देखे। मान लीजिए किसान सोनालिका या जया नहीं बोना चाहता तो ऐसी कोई बाडी होनी चाहिए जो किसान की रूचि से एन० एस० सी० को अवगत करा सके और एन० एस० सी० उसी हिसाब से बीज सप्लाई कर सके । अगर ऐसा नहीं होगा तो राष्ट्रीय बीज निगम अपने लक्ष्य में सफल नहीं हो पायेगा और किसान के मन में उसके प्रति आशंका जागेगी।

राज्यों के जो बीज निगम हैं, उनके ऊपर आपका कोई कंट्रोल नहीं है । आप उनसे माल लेते हैं और स्टेट्स बीज के विषय में जो ला है उसको एनफोर्स करने में बड़ा ढीलापन बरतते हैं। क्वालिटी कंट्रोल को भी ध्यान में नहीं रखा जाता और उस पर एन० एम० सी० की मोहर लग जाती है। किसान उसको एन० एस० सी० का बीज समझते हैं। जितने भी राज्यों में फार्म या बीज निगम हैं वहां पर एन० एस० सी० का कोई सुपरवाइजर था टेक्नीकल एक्सपर्ट होना चाहिए जो फाउंडेशन स्टोन, ब्रीडिंग सीड के टाइम से चैक करे । प्रापर सीड निकले और वही सीड एन० एस० सी० के माध्यम से वेचा जाए।

मेरी इन शंकाओं का मंत्री महोदय जवाब दें और जिस बात को कालिंग अटेंशन उठाया गया है कि बाजरा बी० जे० 104 ठीक सप्लाई नहीं किया गया इसके बारे में समाचार-पत्रों में निकला है। अगर यह समाचार गलत हैं तो मंत्री महोदय स्पष्ट तौर पर कह दें कि यह समाचार गलत था। अगर गलत नहीं था तो आपके मंत्रालय ने इतने गम्भीर मामले को आपके नोटिस में नहीं दिया और कोई कार्यवाही नहीं की । इस तरह के मंत्रालय के ढीलेपन को आप कैसे दुरुस्त करेंगे, यह भी बताने का कष्ट करें।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं पहले अर्ज कर चुका हूं कि जो बीज आंध्र प्रदेश से तैयार किया गया था वह न तो बी जे *104* था

प्योरली और न दूसरा बी के 560 था। इनका मिक्सचर बीज तैयार करते वक्त हो गया। यह टेक्नीकल गलती एन० एस० सी० की थी कि उसका मल्टीपल क्रास हायब्रिड के नाम से अलग मार्केट कर दिया। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री को जब इस बात का पता लगा तो हमने उनको मना किया। इसके बाद 4840 क्विंटल बीज बेचने के बाद बेचना बंद कर दिया गया। इसके बाद एन० एस० सी० लगातार इस बात की देखभाल कर रही है कि वह फसल कैसी है। अभी तक जो रिपोर्ट मिल रही है उसके अनुसार कोई नुकसान नहीं हुआ है बल्कि उस बीज की फसल अच्छी तैयार हो रही है। इसलिए मुआवजे का सवाल पैदा नहीं होता।

इस बारे में कुछ और शिकायतें हमारे पास आई थीं। हमने यहां से स्पेशल टीम भेजी। और जगह-जगह से सेम्पल लिए गए। होता यह है कि सर्टिफाइड सीड की पैदावार इतनी नहीं है कि सारी मांग को पूरा किया जा सके। इसलिए स्टेट्स अपना बीज तैयार करती हैं और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज भी अपना बीज तैयार करती हैं। किसानों के जरिए भी बीज तैयार कराया जाता है। एन० एस० सी० केवल 14-15 परसेंट बीज की मांग को पूरा करती है। बाकी 85 परसेंट बीज स्टेट्स अपने आप पैदा करते हैं। वही पर इंटरनल अरेंजमेंट होते हैं जिससे किसानों को यह बीज सप्लाई किया जाता है। तो यह ख्याल गलत है कि एन० एस० सी० का बीज खराब होता है और दूसरी एजेन्सियां ठीक बीज देती हैं।

13.00 hrs.

बाज दफा गलती किसी की होती है लेकिन इलजाम एन० एस० सी० के सिर मढ़ा जाता है। मैं मानता हूं कि एन० एस० सी० चूंकि एक नेशनल आर्गेनाइजेशन है इस वास्ते इसका काम स्टेट्स में सीड पैदा करने वाली एजेन्सीज में तालमेल करना है और यही नहीं, इस को माडल आर्गेनाइजेशन के तौर पर भी काम करना चाहिए। माननीय सदस्य ने यह जो बात कही है यह बिल्कुल ठीक बात है। उस तरफ हम ध्यान दे रहे हैं। खास तौर पर यही शिकायत आई थी कि बाजरे का सीड कुछ ट्रेडर्ज से लोगों ने खरीद लिया। स्वाभाविक है कि जब ऐसी बात होगी तो कहीं खराब बीज भी खरीदा जाएगा। उड़ीसा में धान का बीज इसी तरीके से प्राइवेट ट्रेडर्ज से खरीदा गया। मैं नाम नहीं लेना चाहता लेकिन कुछ और स्टेटस में भी ऐसा ही हुआ। हरियाणा में जहा से मैं आता हूं वहां भी ट्रेडर्ज से खरीदा गया। हमें शिकायत मिली कि वह बीज भी अच्छा नहीं है। उसका प्रासेसिंग ठीक नहीं हुआ है। उसका लेवेल भी ठीक नहीं है। यहां से हम ने चार पांच टीम्ज बना कर भेजी, फौरन सैम्पल लिये कि किस तरह का बीज मार्किट हो रहा है। कई बार ट्रूथफुली लेबल के थेले में बेचा जाता है, वह ट्रूथफुली लेबल्ड भी नहीं होता है, उस में भी मिलावट हो जाती है। एन० एस० सी० इस बात में कोताही नही कर रही हैं। पिछले दो सालों में एन० एस० सी० ने 20418 सैम्पल लिए हैं। जहां बीज पैदा किया जाता है, किसान के केत में वह भी एन० एस० सी० के इंसपेक्टर एसोसिएटिड होते हैं क्योंकि एन० एस०सी० स्टेट फार्म्ज कारपोरेशन से और प्राइवेट ग्रोअर्ज से भी बीज खरीदती है और उसके बाद सर्टिफिकेशन भी हो जाता है स्टेट की एजेंसी से तो एन० एस० सी० उसको मार्किट करती है। इस में उसके

[राव बीरेन्द्र सिंह]

अपने जो एजेंट हैं वे 3500 के करीब हैं। सौ के करीब एन० एस० सी० के अपने काउंटर है जहां से डायरेक्ट सेल एन० एस० सी० की तरफ से होती है।

जहा तक कि स्टेट फार्म्ज कारपोरेशन का ताल्लुक है उस में जो बीज पैदा होता है या एन० एस० सी० अपनी देखभाल में डायरेक्टली तैयार कराती है वहां तो काफी चेकिंग कर सकती है और उस तरफ काफी सख्ती से काम ले रही है लेकिन जब स्टेट से खरीद करती है, सर्टिफिकेशन होता है स्टेट की एजेंसी का उसका आपने सही कहा है है कि भारत सरकार का पूरा कंट्रोल नहीं है। भारत सरकार सोच रही है कि ऐसा कानून कायदा बनाए जिस पर भारत सरकार का ज्यादा असर दखल स्टेट के काम पर हो जाए जहां तक बीज का ताल्लुक है। एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के नीचे अभी फरवरी में हम बीज को ले आए हैं। इससे पहले बीज पर कोई पाबन्दी नहीं थी। फरवरी में नोटिफिकेशन किया था और बीज को इसके नीचे ले आए हैं और यह एक एसेंशियल कमोडिटी हो गई है। इस में मिलावट होगी या दूसरी खराबियां होंगी तो इस एक्ट के तहत उनको पकड़ा जाएगा और उनको सख्त सजा दी जाएगी एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के तहत। एन० एस० सी० के अपने इंसपेक्टर हैं जो फील्ड में काम करते हैं, मेले होते हैं, किसान को समझाने के लिए, ट्रेनिंग के लिए भी और उन में भी एन० एस० सी० भी शामिल होती है। जितनी सजेशंज माननीय सदस्य ने दी हैं उन सब पर हमारा ध्यान है और आगे इस काम को हम ठीक करने की कोशिश करेंगे।

यह सही है कि एक टेक्नीकल खामी थ। कि मिक्सड बीज हो गया और उसको मल्टीपल क्रास हाई-ब्रिड उन्होंने बता कर थैलियों में बन्द करके बेच दिया और लिख दिया कि यह मल्टीपल क्रास है, यह प्योर जैनेटिक क्वालिटी की तरह का बीज नहीं।

श्री हरीश रावत : एपेक्स बाडी के बारे में बताइए।

राव बीरेन्द्र सिंह : एन० एस० सी० एपेक्स बाडी है।

MR. CHAIRMAN : We shall adjourn now and meet again at 14.05 hours,

13.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Five Minutes Past Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassemble after lunch at nine minuts past Fourteen of the Clock.

[MR DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

Reported loss of crops due to supply of rotten seeds by National Seeds Corporation to farmers—*Contd.*

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं पहले आपको धन्यवाद देता हूं।

मंत्री जी के वक्तव्य में दो-चार विरोधाभास हैं. मैं चाहूंगा कि वह उनका स्पष्टीकरण करें। अपने वक्तव्य के पैरा 4 में मंत्री जी ने कहा कि—

"ऊपर बताई गई वास्तविक स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा किसानों को सड़े-गले बीजों के वितरण की संभावना बहुत ही कम है।

किन्तु यहां सदन में इन्होंने कहा कि संभावना बिल्कुल ही नहीं है। एक तरफ कहते हैं कि संभावना कम है और बाद में कहते हैं कि है ही नहीं। मंत्री जी इसका स्पष्टीकरण करें।

मंत्री जी ने प्रश्न का उत्तर देते समय यह कहा कि शुद्ध बीज से जितनी पैदावार होगी, उससे भी अधिक पैदावार हाई-ब्रीड बाजरा मल्टी क्रास से होगी। यह मेरी समझ में नहीं आया।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : समझ से बाहर की बात है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : जो बालू में से तेल निकलता हो, उसकी समझ के बाहर की बात तो होगी ही।

मंत्री जी ने यह कहा कि बाजरा हाईब्रीड-104 बीज प्रोक्योर नहीं किया गया था। क्या मंत्री जी इस बात से भी इन्कार करेंगे कि वर्ल्ड बैंक की एसिस्टेंस से हाईब्रीड 104 बीज की परियोजना चल रही थी और उसका क्या यह रिजल्ट नहीं निकला कि उसमें शुद्ध बीज की उपलब्धि नहीं हुई ? अगर ऐसा हुआ है तो वर्ल्ड बैंक की एसिस्टेंस से जो पैसा इसमें लगाया गया, क्या वह बर्बाद नहीं हुआ? इसकी जिम्मेदारी किस पर होगी ?

इन सब कारणों से नेशनल सीड कार्पोरेशन के बीजों पर से लोगों का विश्वास समाप्त हो रहा है।

अभी उड़ीसा के लोगों ने कहा कि मानसून की वर्षा अगर हो जाती तो हमारी फसल अच्छी होती है, लेकिन जो फसल बर्बाद हुई, उसका कारण क्या आप यह सोचते है कि इस तरह से जो अविश्वास पैदा हो रहा है नेशनल सीड कार्पोरेशन के बीजों पर तो उसका क्या समाधान निकलेगा ?

अपने देश में ही नहीं, हमारे पास एक प्रेस कटिंग है—

US ban on Indian nigerseed.

आपने जो वहां बीज भेजा उसका कोई स्टैंडर्ड आप रख नहीं पाये और इसी कारण यूनाइटेड आप रख नहीं पाये और इसी कारण यूनाइटेड स्टेट्स ने आपके बीज के आयात को साफ मना कर दिया कि आप मत भेजो। आपकी एन० एस० सी० का यही हाल है।

यह तो विदेश की बात हुई। यहां प्रेस कटिंग्ज में क्या लिखा है—

Vidharbha cotton growers fail to get H-4 seed.

Contaminated bajra seeds put on market.

Maharashtra rrcket in cotton seeds.

Seeds sprout discontent among farmers.

मेरा कहना यह है कि जब प्रेस में इतनी चर्चा होती है आपके बीजों के खिलाफ तो क्या आपने इस बात पर ध्यान दिया है कि अगर आपका सब कुछ ठीक है, सब कुछ स्मूथली चल रहा है, कहीं पर कोई गड़बड़ी नहीं, धोखाधड़ी नहीं तो आप जनता के सामने आते क्यों नहीं कि हमारा बीज बिल्कुल शुद्ध है और सही समय पर उपलब्ध होता है ?

पिछले साल बिहार में मक्का का हाई-

[प्रो० अजित कुमार मेहता]

ब्रिड बीज बांटना था। लेकिन एक साल पुराना बीज बाटा गया वह भी समय के बाद बंटा। इसके कारण निश्चित रूप से पैदावार कम हुई है। इसकी जिम्मेदारी किस पर है और किसानों की क्षति पूर्ति कौन करेगा ? मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य में बड़ी हास्यास्पद बात कही है कि अगर बीज खराब हो, तो हम किसानों को बीज की कीमत वापस कर देंगे। क्या इससे किसानों की क्षति की भरपाई हो जाएगी ? किसान बीज इस्तेमाल करने के अलावा खेत की जुताई करता है, खेत में खाद और पानी डालता है और मालगुजारी देता है। जब उसकी फसल चली जाती है, तो उसका सब कुछ चला जाता है। क्या बीजों की भरपाई करने से उसकी क्षति-पूर्ति हो गई ? वह कहाँ से खाएगा और कहां रहेगा।

सरकार की तरफ से बहुत शोर मचाया गया है कि दलहन का बहुत प्रसार किया जा रहा है। पिछली फसल के समय सरकारी माध्यमों से दिल्ली के बाजार से मूंग का बीज खरीद कर बिहार भेज दिया गया। किसानों से एन० एस० सी० की मूंग के बीज की बढ़ी हुई कीमत वसूल की गई, लेकिन उनको घटिया बीज उपलब्ध कराया गया। उनकी जो फसल मारी गयी, उसकी जिम्मेदारी किस पर है ? इससे दोहरा हानि होती हैं : एक तो फसल मारी जाती है और दूसरे उन्नत बीजों के प्रचार तथा प्रसार में बाधा उत्पन्न होती है।

मंत्री महोदय आ गए हैं। अभी बड़ी चर्चा हो रही है कि उड़ीसा में बीज का घोटाला हुआ है, उसमें मंत्री महोदय के पुत्र का कहीं न कहीं इनवाल्वमेंट है। **(व्यवधान)**

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : आपके लड़के का इनवाल्वमेंट है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : यह सुनकर मुझे अफसोस होता है। मैं चाहूंगा कि आप अपनी और सरकार की छवि को ठीक रखने के लिए इसकी जल्दी से जल्दी जांच करा कर इसको समाप्त कीजिए।

कृषि मंत्री (राव बीरेन्द्र सिंह) : कौन सा मंत्री ?

प्रो० अजित कुमार मेहता : आप जैसी छवि वाले लोगों...

(Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Do not pass such remarks. You should have in writing ... I will go through the proceedings.

श्री हरीश रावत : आप तो भले आदमी हैं। आप किसके बहकावे में आ कर ऐसी गलत बात कह गए ?

प्रो० अजित कुमार मेहता : मैंने यही कहा कि यह सब जो बेमतलब की चर्चा होती है, इसकी जांच करा के इसको समाप्त कराएं। यह सब सुन कर हमें बड़ा दुख होता है।

हमें याद आता है कि कुछ दिन पहले शास्त्री जी हरियाणा गए थे और वहां से बाजरे के पौधे उठा कर लाए थे। उन का जर्मिनेशन तो ठीक है, वे पौधा जम गया, लेकिन उसके बाद उसमें फूल और फल नहीं लगे। निश्चित रूप से बीजों की खराबी की वजह से ही ऐसा हुआ। मैं पूछना चाहता हूं कि कानटेमिनेटिड बीजों कि

वजह से किसानों को जो क्षति हुई है, क्या सरकार ने उसका सर्वेक्षण कराया है क्या वह उसका सर्वेक्षण करायेगी।

बीज निगम में कहीं कहीं बड़ा घोटाला हुआ है, इसके समाचार समाचार-पत्रों में आए हैं और चर्चाएं हुई हैं। समाचार पत्रों में बीज के घोटाले के बारे में बड़ी चर्चा हुई है कि नेशनल सीड्स कारपोरेशन में बड़े-बड़े घोटाले हैं। आप ने अभी तक इस की कोई जांच करायी ? यदि करायी है तो कितने लोगों को सजा दी है यह आप सदन में स्पष्ट करेंगे।

राव बीरेन्द्र सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, सारी बातों का जवाब मैं पहले दे चुका हूं कि किस तरह नेशनल सीड्स कारपोरेशन काम करता है, कितना इस का प्रोडक्शन है, स्टेट गवर्नमेंट किस तरह से बीज इकट्ठा करती है और बेचती है, यह सारा ब्यौरा मैं दे चुका हूं। मुझे ताज्जुब हुआ प्रो० मेहता की बात सुन कर। हम लोग जब जिम्मेदारी संभालते है तो इस बात के लिए भी तैयार होते हैं कि हमारे ऊपर चाहे जितनी वाहियात इल्जाम लगाए जायें, और हम उन को सह लें और उनका जवाब दें। लेकिन कुछ माननीय सदस्यों की भी जिम्मेदारी होती है... (**व्यवधान**)... जो लोग रेसपांसिबल हैं उन की तरफ उंगली उठाना आसान है, लेकिन वह लोग भी जिम्मेदार हैं, लोगों की तरफ से चुनकर आए हैं तो किसी मेम्बर पार्लियामेंट को भी यह समझ कर बात करनी चाहिए कि इस में कहां तक सच्चाई है और क्या बात हम कर रहे हैं। यह बिल्कुल गलत है अगर आप ने कोई ऐसी बात सुनी है कि जिस में मेरा या मेरे कुनबे के किसी मेम्बर का कोई हाथ हो सकता है। मेरी नोटिस में तो जब यह बात आई कि उड़ीसा के अन्दर पैडी के बीज में कोई शिकायत है तो चीफ मिनिस्टर उड़ीसा को और चीफ मिनिस्टर हरियाणा को जहां से मुझे शिकायतें मिली, उन को चिट्ठी लिखी कि इस पर सख्त कार्यवाही की जाय। मैंने सीरियस नोटिस लिया और चीफ मिनिस्टर उड़ीसा को और चीफ मिनिस्टर हरियाणा को लिखा कि इस की जांच करें और इन को सजा दें क्योंकि आखिर यह स्टेट का काम है पकड़ धकड़ करना सजा देना। यह पहले मैं बता चुका हूं कि सीड के मामले में जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट की बनती है और स्टेट गवर्नमेंट ने इन्वेस्टिगेशन किया, उन्होंने एन्क्वायरी की है। कुछ आफिसर्स को उड़ीसा गवर्नमेंट ने सस्पेंड भी किया है जैसी कि जानकारी मुझे दी गई है। जिन ट्रेडर्स का उस में हाथ मिला है कुछ उन की भी अरेस्ट हुई है। यह जानकारी तो हमारे पास है। लेकिन अगर आप को इस तरह का ख्याल है कि इस में नेशनल सीड्स कारपोरेशन का हाथ है या इस में मिनिस्टर का या उसके किसी आदमी का हाथ है तो यह बिलकुल निराधार है और मुझे अफसोस है कि इस तरह की बातें आनरेबल मेम्बर गैरजिम्मेदारी के साथ बोल जाते हैं सिर्फ इसलिए कि हम जिम्मेदारी जगहों पर बैठे हैं। इस का नाजायज फायदा आनरेबल मेम्बर्स को नहीं उठाना चाहिए।

श्री रामावतार शास्त्री : जो अखबार में निकला है वही वह कह रहे हैं।

राव बीरेन्द्र सिंह : अखबार में कौन सी बात निकली है ? .. (**व्यवधान**)... आप ही अखबार में निकलवाने वाले हैं और आप

[राव बीरेन्द्र सिंह]

ही उस का सहारा ले कर यहां बोलने वाले हैं ...(व्यवधान)... अब आप प्राइम मिनिस्टर को ले आए। मेरे ऊपर और छलांग लगा गए।

प्रो० अजित कुमार मेहता : आप ने यह कहा कि हमारे यहां जो भी सूचनाएं दी जाती हैं उस की मैं जांच करता हूं। हरिकेश बहादुर जी ने भ्रष्टाचार गोरखपुर में नेशनल सीड्स कारपोरेशन में हुआ है बस के बारे में आप को पत्र लिख कर के भी सूचित किया है।

राव बीरेन्द्र सिंह : उस की जांच हम जरूर करेंगे और कर रहे हैं। वह अलग से हम से पूछते तो हम उन को बतला भी देते।

श्री हरिकेश बहादुर : मैंने इन को कुछ और कहने के लिए कहा था, वह इन्होंने कहा नहीं। मैं ने कुछ और बताया था। आप ने जांच करवा कर के यह लिख दिया कि वहां कोई भ्रष्टाचार नहीं है। ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY SPEAKER : You don't reply to Harikesh. His name ss not here.

RAO BIRENDRA SINGH : Quite right, Sir.

श्री रामावतार शास्त्री : उपाध्यक्ष महोदय, इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के द्वारा हम लोग बढ़िया किस्म के बीजों के निर्यात किए जाने और किसानों को सड़े-गले बीजों की सप्लाई किए जाने के कारण फसलों को नुकसान होने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर रहे है। मैं इसी महीने की 16 तारीख को किसानों की एक सभा में बोलने के लिए हरियाणा के जींद जिले के नरवाना में गयाथा। वहां सैंकड़ों किसान बाजरे के पौधों के डंठल लेकर मेरे पास आए जिनमें फूल निकले हुए थे लेकिन दाना नहीं था। नरवाना सब-डिवीजन में 50 हजार एकड़ जमीन में बाजरे की फसल बोई गई है। बाजरे का यह बीज राष्ट्रीय बीज निगम ने गुजरात से मंगवाया था, सोलंकी साहब के यहां से उनको हटाने के लिए वहां के लोग आन्दो- चला रहे हैं। आपके राष्ट्रीय बीज निगम ने वहां से बीज मंगवाया था।

राव बीरेन्द्र सिंह : गलत बात, बिल्कुल गलत बात है।

श्री रामावतार शास्त्री : पौधा तो उग गया जिससे किसानों में आशा पैदा हुई, उसमें फूल भी लग गए लेकिन अनाज का पता नहीं है। जिन औरतों के बच्चे पैदा नहीं होता उनको बांझ कहा जाता है और जिस पौधे में फल नहीं लगता उस पौधे को भी बांझ कहा जाता है। फिर यह केवल जींद की ही बात नहीं, हरियाणा के सिरसा हिसार, रोहतक जिलों में, राजस्थान के इलाकों में और उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भी जहां बाजरा बोया जाता है, आप पता लगवा लीजिए कि वहां की स्थिति क्या है? नरवाना की स्थिति तो मैंने आपको बता दी है। 17 तारीख को इसी सदन में मैंने वह पौधा भी उपस्थित करने की कोशिश की थी लेकिन पार्लिमेंटरी एफेयर्स मिनिस्टर नाराज हो गए और डिप्टी स्पीकर ने कहा कि इनको नीचे रखो तब बोलने देंगे। तो यह स्थिति है बाजरे की।

राज्य सभा में 9.6.71 को आपने खुद कहा था कि बिना सरकारी जांच के बाजों

को अब बाजार में नहीं बेचा जाएगा लेकिन वह बेचे जा रहे हैं, उनको रोकने में आप समर्थ नहीं हैं। आपने यह भी कहा था कि बीजों में आत्मनिर्भरता के लिए आपकी 240 करोड़ की योजना है। ऐसा 9-2-75 को आपने कहा था। तो आपकी योजना भी है, आप रद्दी बीज देते नहीं है, फिर किसानों को यह रद्दी बीज कहां से मिल जाते हैं ? जितनी भी इसकी एजेंसियां हैं वह सरकारी ही हैं, चाहे वह राष्ट्रीय बीज निगम हो या राज्य सरकार की एजेंसियां हों। कहीं-कहीं निजी एजेंसियां भी किसानों को बीज दे देती हैं। नरवाना में किसानों को जो बीज दिया गया उससे 50 हजार एकड़ की फसल बरबाद हो गई। वह बीज किसने दिया और उसके खिलाफ क्या कार्यवाही हुई तथा क्या वहां के किसानों की क्षतिपूर्ति की जायेगी ? जिन्होंने भी कार्य किया है उन्होंने राष्ट्रद्रोह किया है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। कौन लोग इसके लिए दोषी हैं ? क्या उनके खिलाफ आप सख्त से सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन सदन को देंगे ?

इसी हिसाब से खराब किस्म के बीज, चाहे वे गेहूं के हों, धान के हों, चावल के हों, चने के हों, मसूर के हों या मकई के हों, गुजरात, बिहार और उड़ीसा को दिए गए। उड़ीसा की चर्चा हुई, उसके बारे में सिर्फ पढ़कर सुना दूंगा और उसके बाद मंत्री जी जवाब देंगे। इन तमाम राज्यों में बीज में घोटाले चल रहे हैं। रद्दी किस्म के बीज दिए जा रहे हैं और आप सबका बचाव करते हैं। आप सजाएं कितनों को देते हैं, इस बारे में नहीं बताते हैं। यदि आप बतायें तो हम लोगों का गुस्सा कम हो और जनता का गुस्सा कम हो। मेरी समझ में तो आप सब की रक्षा करते हैं। इसी वजह से वे प्रोत्साहित होते जाते है। आपने सलाहकार समिति में 5-7-1982 को कहा हैं कि मिलावट को रोकने के लिए जरूरी वस्तु कानून के अन्तर्गत लाया जाएगा। पता नहीं आप इसको कब तक लायेंगे। वायदा करते हैं, लेकिन लाते नहीं हैं। लाइए, तो पता लगे कि आपकी मंशा ठीक है और आप किसानों की मदद करना चाहते हैं। बीज निगम की 40 करोड़ रु० की योजना खटाई में चली गई है। यह खबर 24-5-77 की, जो अखबार बनारस से निकलता है, उसमें छपी है। बहुत सारी बातें बीज निगम के बारे में 10-15-20 वर्षों के अखबारों में निकलती रही है, लेकिन पता नहीं आप क्या कार्यवाही करते हैं। इन बातों के बारे में आपकी सफाई देनी होगी। एक बाहर एन० एस० सी० के द्वारा आंध्र प्रदेश सीड कारपोरेशन से रद्दी किस्म का बीज बिहार को दिया गया, यह बात अखबार में निकली हैं। यह खबर इंडियन एक्सप्रैस, तारीख 1-7-1983 को निकली है। इसी तरह की बहुत सारी बातें कही जाती हैं। प्रोब-इन्टू-डिस्ट्रिब्यूशन आफ सीड्स उड़ीसा के घोटाले के बारे में सी० पी० आई० के स्टेट्स सैक्रेटेरिएट ने दी। कुछ लोगों ने चावल के बीज बाहर भेजे। उसी संदर्भ में आपके लड़के या दो आई० सी० ए० आर० के अधिकारियों का नाम लिया जाता है। अखबारों में ये चीजें निकली है। यह मैं पढ़ककर सुना दूंगा। एक एम० पी० की चिट्ठी सुना देता हूं।

Shri T. S. Negi had sent a letter to the Prime Minister.

SHRI RAM PYARE PANIKA (Robertsganj) : After all, we can ask only specific questions on the calling attention.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Who are you to ask me about it ?

SHRI RAM PYARE PANIKA : He cannot read a letter on this subject.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : He will reply to it.

MR. DEPUTY SPEAKER : The Chair has already taken notice of it. I am telling him. You please sit down. I have already checked up.

SHRI RAM PYARE PANIKA : We do not agree.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: I am referring to a letter written by a Member of this House to the Prime Minister.

MR. DEPUTY SPEAKER : He has already raised it and he has already replied.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : No, no, he has not said about the M.P. I am quoting him and what the Prime Minister wrote to him.

SHRI RAM PYARE PANIKA : You kindly see the rules. How can you allow him ?

MR. DEPUTY SPEAKER : If he mentions the name of any M.P. then it is an allegation.

SHRI RAMAVTAR SHASTRI : Let me read that portion. It will be clear.

MR. DEPUTY SPEAKER : If you had give it in writing, I would hav allowed you. All right, I will go through the record. Come to the subject.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : This is about the export of rice seeds from Orissa to somewhere else. He mentioned it. Therefore, I am mentioning it.

SHRI HARISH RAWAT : I am giving you a prior intimation.

MR. DEPUTY SPEAKER : I have already dealt with it. He is on a different subject now.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Shri T.S. Negi had sent a letter to the Prime Minister on 19.4.1983 and drawn attention to the news report *Jan Yug* dated 19.4.83 concerning a student leader's letter dated 18.4.83 to the Prime Minister giving details of involvement of a son of the Agriculture Minister and two ICAR employees in the racket.

MR. DEPUTY SPEAKER : You should have given notice to me and you can mention it here and you will get reply from the Minister also. You are straightwayraising it.

SARI RAMAVATAR SHASTRI : He is here. It was read. Therefore I am reading it.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : The other day, when Prof. Madhu Dandavate wanted to raise a question about the Governor of Sikkim, the Speaker pointed out that on the previous occasisn during the calling attention motion............

MR. DEPUTY SPEAKER : Please bear with me. He is saying that the Minister's son is involved.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : So, the Minister is here to deny it,

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please listen. If you had given notice of this to the Chair we would have forwarded it

to the Minister and he would have been ready to reply to you also. You should have given notice. So, do not make a general accusation like that.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: So, it is being interpreted in a different manner now. You are interpreting differently now.

SARI HARIKESH BAHADUR : You are creating a situation when this entire House is becomes irrelevant.(*Interruptions*) You are creating wrong precedents.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Please here. The Prime Minister acknowledged the letter on 28-4-1983 and informed that the Agriculture Ministry was being asked to look into the report, that means the report of the Members of Parliament.

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या ऐसी कोई चिट्ठी इन को प्राइम मिनिस्टर के कार्यालय से मिली है ? अगर नहीं मिली है तो ये उस को डिनाई कर सकते हैं । मैं जानना चाहता हूं— प्राइम मिनिस्टर ने इस तरह का लेटर जिस के द्वारा इन के परिवार के ऊपर चार्ज लगाया गया है इन के पास भेजा है तो उस के बारे में बतलायें और क्या वह उचित समझते है कि जब उन्हीं पर ...(व्यवधान)...अब इस तरह की बात हुई हैं तो इस की सूचना इन को है या नहीं है ? यदि है तो इस मामले में क्या स्थिति है ? जब इतने दक्ष मिनिस्टर के खिलाफ इस तरह की शिकायत की जाय तो क्या यह उचित नहीं होगा कि वह इस की इन्क्वायरी सी० बी० आई० से करवा कर अपने आप को साफ साबित करवायें । ...(व्यवधान)...

MR. Deputy-SPEAKER : You do not come to the subject. You are going on repeating.

श्री रामावतार शास्त्री : आप के यहां नियम है और आप ने 1976-77 में ऐलान किया था कि बीज की वजह से जिनकी फसलें खराब हो जायेंगी उन की कीमत आप लौटायेंगे । मैं जानना चाहता हूं — नरवाना समेत आप सब जगह पता लगा लीजिए (व्यवधान)*...

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Panika, I will not allow. Please sit down. This is calling attention. Mr. Shastri, you concentrate on it.

श्री रामावतार शास्त्री : मैं जानना चाहता हूं— आप वह कीमत लोगों को लौटायेंगे या नहीं ?

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अनुवाद का जो अधिकार दिया हुआ है कि तीन वर्ष के बाद अनुवाद कर सकते हैं, इस के बारे में मेरा सुझाव है और मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय उस को स्वीकार भी करेंगी कि इस अवधि को घटाकर एक वर्ष कर देना चाहिए। वैसे एक वर्ष भी ज्यादा है, उस को और भी घटाकर 6 महीना कर दिया जाय तो भी उसका काफी लाभ मिल सकता है।

हमारे देश में गरीबी बहुत अधिक है। हमारे बहुत से छात्र तमाम किताबें खरीद नहीं सकते खास करके इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंसेस की किताबें जो कि विदेशी लेखकों द्वारा लिखी हुई होती हैं क्योंकि वह बहुत मंहगी होती हैं। उनको सस्ती करने का उपाय होना चाहिए ताकि देश के तमाम छात्रों को सस्ते दामों पर ये किताबें मिल सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री राम सिंह यादव (अलवर) **:** सभापति महोदय, मंत्री महोदय ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है मैं उसका समर्थन करता हूं। इस

बिल में मुख्य रूप से तीन उद्देश्य रखे गए हैं। पहला यह है कि आधुनिक टेक्नालाजी के विस्तार के कारण जिस क्षेत्र में अब चोरी की सम्भावना है उसको रोकने के लिए इस बिल के सेक्शन 2 को आप अमेंड करना चाहते हैं जिसमें ब्राडकास्ट सिस्टम और कम्यूनिकेशन थ्रू सेटेलाइट को भी इस में इंट्रोड्यूस करने का प्रयत्न किया है। दूसरा आपका उद्देश्य यह है कि वह साहित्य की अमूल्य कृतियां, साहित्य की नीधि जिसकी आज भी देश के अन्दर ज्ञान के संवर्द्धन के लिए और विद्वत्ता के प्रसार के लिए आवश्यकता है विशेषकर के विश्वविद्यालयों में और विद्वानों में। जिनकी परम आवश्यकता है उसको दृष्टिगत रखते हुए वह अनुपम अमूल्य साहित्य, जिसके लिखने वाले लोग आज या तो मिलते नहीं हैं या उनका नाम ज्ञात नहीं है या जो कृतियां आज उपलब्ध नहीं है देश में, उनका पब्लिकेशन करने की इस विधेयक के द्वारा विशेष प्रकार से कुछ व्यक्तियों को अनुमति मिल सकेगी। इसके साथ ही तीसरी बात यह रखी है कि कुछ पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज को भी आप अधिकृत करेंगे, उनको भी ऐसी कृतियां प्रकाशित करने का अधिकार होगा। साथ ही आपने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्य, वहां की तकनीक को भी इस देश में यहां की भाषाओं में प्रकाशित करने का विशेष प्रावधान किया है और इसके लिए आपने वर्ल्ड इन्टेलेक्चुअल आर्गेनाइजेशन का भी हवाला दिया है जिनकी मीटिंग अभी दिल्ली में 25 से 28 जनवरी तक हुई थी, जिसमें 58 देशों ने भाग लिया था। यूनाइटेड नेशन्स की 15 स्पेशलाइज्ड एजेन्सीज में से एक एजेन्सी वह भी है।

लेकिन मेरा आपसे निवेदन है कि आपके जो तीनों उद्देश्य हैं और इस विधेयक में आपने जो प्रावधान किए हैं, उन पर आपको दोबारा सोचना आवश्यक है। एक तो इसमें आपने सेक्शन 31-ए इन्ट्रोड्यूस करना चाहा है :

> "Where, in the case of an unpublished work, the author is dead or unknown or cannot be traced, or the owner of the copyright in such work cannot be found, any person may apply to the Copyright Board for a licence to publish such work or a translation thereof in any language."

इसके दो शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं—'एनी पर्सन' और 'इन एनी लैंग्वेज'। हिन्दुस्तान की साहित्यिक और सांस्कृतिक परम्परा रही है कि यहां के जितने भी विद्वान हुए हैं उन्होंने अपने बारे में कभी किसी ग्रन्थ में उल्लेख नहीं किया। आप चाहे महाभारत को देख लीजिए, महर्षि वेद व्यास ने अपने बारे में कभी नहीं लिखा, यह भी नहीं लिखा कि यह ग्रन्थ उनका लिखा हुआ है। इसी प्रकार से आप कालिदास अथवा अन्य किसी भी विद्वान को देखें, उन्होंने उस ग्रन्थ के साथ अपना नाम नहीं जोड़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि वे ज्ञान को अपनी सम्पति नहीं समझते थे, वे ज्ञान को विश्व की सम्पति समझते थे। हमारे देश तथा पाश्चात्य देशों के ज्ञान की परम्परा में यह एक मौलिक अन्तर रहा है। अतः आज इस बात की आवश्यकता है कि जो हमारे अनुपम ग्रन्थ हैं उनको प्रकाशित किया जाए। लेकिन क्या आप ऐसे ग्रन्थों को प्रकाशित करने का अधिकार "एनी पर्सन" को दे देंगे जिसके पास उसको समझने का ज्ञान न हो ?

उदाहरण के लिए कालिदास की भाषा और भाव को जो समझ न सकता हो, उसको उनकी साहित्यिक कृति दोबारा पब्लिश

[श्री राम सिंह यादव]

करने का अधिकार दे देंगे ? आपको निश्चित रूप से इस बारे में सोचना होगा कि किस व्यक्ति को आप यह अधिकार देना चाहते हैं। क्या वह व्यक्ति इस कार्य के योग्य है या नहीं—यह देखना होगा। यदि वह व्यक्ति उस भाषा और भाव को नहीं समझता है, यदि उसमें उसको समझने की बैकग्राउण्ड नहीं है, यदि वह उस केडर और उस स्तर का नहीं है तो उसको रिपब्लिश करने का अधिकार देना गलत होगा। इसलिए यह आपने जो "एनी पर्सन" रखा है वह हमारे साहित्य के साथ निश्चित तौर से बेइंसाफी कर सकता है। उसमें वह कांपिटेन्सी होनी चाहिए, ज्ञान का एक स्तर होना चाहिए तभी उसको पब्लिश करने का अधिकार मिलना चाहिए। इसी के साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आखिर में जो शब्द आपने रखा है—इन-एनी-लैंग्वेज आप पब्लिश करने की इजाजत देते हैं। किसी भी लैंग्वेज में उसको पब्लिश कर दे, लेकिन क्या उसको उस भाषा का ज्ञान है और उसका सही तरीके से अर्थ कर सकता है, तब आप उसको दूसरी भाषा में रूपान्तर करने की स्वीकृति दे सकते हैं। यदि वह उस लैंग्वेज को नहीं समझता, तो उसको अधिकार देना न्यायोचित नहीं है। इसी के साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि एनी-लैंग्वेज का मतलब केवल हिन्दुस्तान की भाषा से होना चाहिए, जिसको हिन्दुस्तान के संविधान में स्वीकृत किया हुआ है आप केवल उसी भाषा में रूपांतरण करने की, रिपब्लिश करने की स्वीकृति दीजिए। विदेशी भाषाओं में रूपान्तरण की स्वीकृति हिन्दुस्तान में, इस राष्ट्र में देना न्यायोचित नहीं है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि सेक्शन 3 (ए) को इस दृष्टि से देखें और यदि इस भावना का समावेश कर सकें तो यह राष्ट्र के हित में अधिक उपयोगी होगा।

अपने सैक्शन-32 आफ-दि-प्रिंसिपल एक्ट को अमेंड करके क्लाज-1 के बाद क्लाज-1ए को जोड़ने का प्रावधान किया गया है। प्रावधान यह है कि—

"(1A) Notwithstanding anything contained in sub-section (1), any person may apply to the Copyright Board for a licence to produce and publish a translation, in printed or analogous forms of reproduction, of a literary or dramatic work, other than an Indian work, in any language in general use in Indian after a period of three years from the first publication of such work, if such translation is required for the purpose of teaching, scholarship or research :

Provided that where such translation is in a language not in general use in any developed country such aplication may be made after a period of one year from such publication."

मैं समझता हूं कि यह प्रावधान विदेशी विद्वानों की कृतियों के संबंध में शायद दिया गया है कि उन कृतियों का साहित्य के ज्ञान के लिए इस देश में भी प्रकाशन आवश्यक है। इसलिए इसमें आगे यह प्रावधान किया गया है—

"Provided that where such translation is in a language not in general use in any developed country"

इसमें खासतौर से आपको उन भाषाओं के बारे में प्रावधान करना चाहिए कि आप कौन-कौन सी भाषायें डवेलप्ड कन्ट्रीज की मानते हैं। अमरीका की मानते हैं, इंगलिश को मानते हैं, फ्रेन्च को मानते हैं या जापानीज को मानते हैं। कौन-कौन सी डवेलपड कन्ट्रीज

की भाषाओं का आपने इसमें समावेश किया है। यह बात कानून की दृष्टि से औचित्य-पूर्ण नहीं है। मेरी दृष्टि में उन भाषाओं का नाम यहां पर आना जरूरी था। एक ग्रन्थ कौन-कौन सी भाषाओं में है, उन भाषाओं के अलावा यदि उसका प्रकाशन नहीं है, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, तब आप उसको ट्रांसलेशन करने की इजाजत देंगे। इसके लिए भी आपको उन भाषाओं का नाम यहां देना आवश्यक था।

इसके साथ ही आपने यह भी लिखा है कि

"Such application may be made after a period of one year from such publication."

इसके मुताबिक एक साल के बाद ही केवल उसकी स्वीकृति दी जा सकेगी। इसका कोई कारण यहां नहीं दिया हुआ है। आज साइंस के युग में, टेक्नालाजी के युग में यदि कोई नई कृति किसी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर किसी विद्वान की निकली है। वह ऐसी भाषा में हैं, जो हिन्दुस्तान में नहीं बोली जाती है या नहीं पढ़ाई जाती है, उसके रूपान्तरण के लिए एक साल तक इन्तजार करना औचित्यपूर्ण नहीं है। ऐसी कृति जिससे टेक्नालाजी का विस्तार हो सकता है या कालेज और विश्व-विद्यालयों को लाभ हो सकता है, इसलिए इस एक साल के पीरियड को घटाकर छः महीने किया जाना चाहिए। छः महीने इसलिए कि एक साल बाद तो टेक्नालाजी बदल जाती है। इसलिए एक साल का पीरियड अधिक है, उसको कम करने की आवश्यकता है।

मैं इस बात को मानता हूं कि जब तक आप किसी भी विद्वान को उसके स्वयं के ज्ञान के प्रसार को प्रोटेक्शन नहीं देंगे, उसकी सुरक्षा नहीं करेंगे, तब तक नया ज्ञान डवेलप नहीं हो सकता है। इस संबंध में मैं एक विदेशी विद्वान श्री अन्थनी ट्रोलोपे से सहमति प्रकट करते हुए यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस एक्ट को हमें और भी मजबूती के साथ देखने की आवश्यकता है। उसका यह कहना है—यदि आप चाहते हैं कि आपका ज्ञान आगे बढ़े, आपके ज्ञान का प्रसार हो तो जरूरी है—

Mr. Anthony Trollope made his well-known observation in his autobiography :

"Take away from English authors their copyright, and you would very soon take away from England her authors."

जो आदमी मौलिक रचना को लेकर आता है या किसी भी क्षेत्र में जिस की मौलिक देन है, यदि उसको संरक्षण नहीं मिलता है, उस के अपने देश के कानून के द्वारा, तो इस तरह का विद्वान, वैज्ञानिक या कलाकार कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है। इसलिए संरक्षण देना आवश्यक है, लेकिन उसके साथ-साथ यह भी देखना है कि जो ज्ञान उन्होंने दिया है उसका प्रचार और प्रसार भी सही रूप में हो। कहीं ऐसा न हो कि वह ज्ञान ऐसा हो जाए—जो कुछ लोगों तक ही सीमित रह जाय, इतना मंहगा हो जाए कि वह आम व्यक्ति आम विद्वान तक पहुंच ही न सके।

इसलिए जो कृतियां जिस स्तर की हैं, उनके बारे में जो मूल्य का निर्धारण होगा, उसमें कापी-राइट बोर्ड किस तरह से दखल कर सकता है और दखल करने के बाद, जैसा आपने कहा था कि जो आथर आज नहीं है, जिसके पचास वर्ष पूरे हो चुके हैं, कापी-राइट के अधिकार वाला जिसका कोई लीगल-

[श्री राम सिंह यादव]

हेयर नहीं है, उसके प्रकाशन की स्वीकृति कोई व्यक्ति बोर्ड से ले सकता है, लेकिन बोर्ड के पास किस तरह से राइट होंगे या वह उसको किस रेट पर बेचेगा --इन सब बातों पर गम्भीरतापूर्वक सोचने की आवश्यकता है। यदि एक्ट में इसका समावेश न कर सकें तो कम से कम बाइलाज में प्रावधान करना राष्ट्र के हित में होगा।

मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा --जहां तक इस एक्ट का ताल्लुक है--यह अपने आप में इस तरह की सोसाइटी को डील करता है जो देश को एक नई दिशा दिखाता है, चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, कला का क्षेत्र है या साहित्य का क्षेत्र हो या दूसरे क्षेत्र हों। इस तरह के लोग जो देश को एक नई दिशा देते हैं, जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान, कला या जो अन्य विधायें हैं उन में देश को आगे ले जाते हैं, उनको अधिक से अधिक उपयुक्त अवसर देना इस का उद्देश्य है जिससे इन विधाओं का प्रसार देश में हो सके। लेकिन इसके लिए इन्सेन्टिव देने की आवश्यकता थी। आप जानते हैं--बढ़ते हुए समाज के साथ आज का हमारा जो एक्ट है-1914 में जिस शक्ल में था, उसके बाद 1957 में दूसरी शक्ल में आया और आज आप फिर महसूस कर रही हैं कि इस में फिर से संशोधन की आवश्यकता है। मेरे पूर्व-वक्ता ने कहा था--जब आपने यह अनुभव किया--1971 में--कि इस तरह के नये संशोधन की आवश्यकता है तो इस संशोधन को लाने में इतना बिलम्ब नहीं होना चाहिय था। यह बात बिलकुल सही है कि अभी भी कुछ ऐसी चीजें रह गई हैं, जैसे विडियो की पायरेसी--जिनका समावेश अभी से इस में होना चाहिए। आज इन्टरनेशनल लेबल पर विडियो की जो पायरेसी चल रही है वह अपने आप में दुनिया के सामने एक समस्या बन गई है और इसके लिए इन्टरनेशनल लेबल पर सोचा जा रहा है। इसलिए जो ऐसी कृतियां हैं, जो ऐसी कला की विधायें हैं जिनकी चोरी हो रही है, उनके लिए भी कानून का इस एक्ट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी है।

फिर भी मैं आपको इस बात के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं कि आप ने राष्ट्र की आवश्यकता को समझते हुए कुछ बातों को कानून में शामिल करने की कोशिश की है। मैं आशा करता हूं कि जो सुझाव मैंने दिये हैं आप उनको इस अधिनियम में या जो नियम या उपनियम आप आगे बनायेंगे उन में समावेश करने की कोशिश करेंगे।

SHRI K.A. RAJAN (Trichur) : Mr. Chairman, this Bill, even though with a limited purpose and also to fall in line with the recommendations of the Convention; has been forward now. The provisions of this Bill have not gone into the various aspects—under the present circumstances advanced printing technology and all these things. That is why I say this piecemeal legislation will never serve the purpose. A comprehensive legislation on this matter is of urgent necessity. I understand the main provisions are :

"(1) To provide for compulsory licensing for the translation of a foreign work after the expiry of three years from the publication of the work and if the translation of the work is in a language not in general use in any developed country, after the expiry of a period of one year from such publication if such work is required for the purpose of teaching, scholarship or research.

(2) To provide for the compulsory licensing of the reproduction of any edition of a foreign literary,

scientific or artistic work for the purposes of systematic instructional activities if, after the expiry of certain periods...

(3) It is proposed to provide that in case of un-published works where the author is either dead or unknown or the owners of the copyright cannot be traced, any person wishing to publish the material or a translation thereof may advertise his proposal and thereafter apply to the Copyright Board for permission ..

(4) It is proposed to provide for the manner of assignments of copyright from authors to publishers and to empower the Copyright Board to decide disputes arising of such assignments which may extend to permitting the author to withdraw from the Govt.

These are certain main aspects which have been explained by the Minister. But I would like to mention one important aspect regarding the miserable plight of the authors—how they are being exploited after hard labour and strenuous work. These publishing sharks really exploit the authors. So protection has to be granted.

In the constitution of the Copyright Bord, adequate representation should be given to the author in the Board to be constituted because they should not be at the mercy of the publishers and the financiers behind these things.

I would like to draw the attention of the Minister regarding period of one year which has been envisaged in this Bill about translation of those books published in foreign languages.

16.12 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAER - *in the Chair*]

By that the disadvantage is that certain books lose its relevance after three years. Books have got certain relevance on certain subjects and on certain aspects. Suppose it is translated after three years, the benefit of the book cannot be enjoyed by those people who read only translated books. By three years its relevance will be lost. So, three years period should be reduced to minimum of three months or one month. It should not go beyond three months otherwise the relevance of the publication and the very purpose for which translation has been done will not be served. This is one important point which has to be looked into.

I would like to draw the attention of the Minister as well as the Government regarding piracy going on in this. That is very important thing—piracy of books, piracy of recording, music, This is done to destroy the real efforts of the artists. It is an assault on them. You can find books in the street before the original books are to be published. It is estimated that nearly 50% are originally published books and 50% pirated books are being sold in the market. It is to the disadvantage of the artists and these authors. This is being done by unsocial elements. They work against the interest of the authors, publishers and the trade. Not only there are pirated books but piracy is running riot on the Sound recording industry. That is an onslaught on the film and hue and cry is being raised in Bombay among the producers and the artists in regard to the piracy of these cassettes. It is a very serious thing and it has threatened the very basis of existence of this industry and all those who are just honestly working. The piracy of books and music as well as records is a very grave thing which has been really eroding the cultural life of this great country. I shall just read out some figures regarding the piracy of cassette record and you would be alarmed to find that how these are sold and how the Government's revenue is lost.

Estimated number of pirated cassettes sold in one year in India is 3 crores. Daily more than 82,000 pirated cassettes are sold. Retail value of 3 crore pirated cassettes at Rs. 25/- is Rs. 75 crores. This is the alarming figure we find and what is the revenue loss to the country

(Shri K. A. Rajan)

as well as the harm that is being inflicted on the poor artistes and authors because of the piracy ? The loss to the Government by evasion of excise, sales tax etc., will come up to Rs. 20.88 crores. Because of the piracy of cassettes, loss to artistes, flim producers, authors and other copyright owners is Rs. 5.76 crores. Profit earned by the pirates at Rs. 10/-per cassette is Rs. 30 crores. What racket is here that is going on detrimental to the interests of artistes, authors etc. ? This piracy is creating a havoc in the cultural field.

Now, you find that daily reports are coming in as to how these video houses are being managed in the city of Bombay as well as in many other cities. That is why, I am stressing that apart from the provision which has been incorporated in the Bill which has only limited purposes, the main thing, that is piracy has to be curbed and for that a comprehensive Bill on the line is very urgent. Unfortunately, I find that the hon. Minister has no thinking this direction when the poor artistes and authors are being exploited and the Government is being cheated. The racet is going on detrimental to the intests of the society. It is inflicting in almost all the cities and it is just really spoiling our culture and all those things.

With these words, I welcome these measures.

श्री हरीश रावत (अल्मोड़ा) : पैरिस कनवैंशन में जो बात तय हुई थी और जो भारत के प्रबल आग्रह पर हुई थी उसको भारतीय परिस्थितियों में हम लागू कर सकें, इसके लिए जरूरी था कि कापीराइट एक्ट 1957 को एमैंड किया जाता और ऐसा करने के लिए शिक्षा मंत्री महोदय यहां बिल लाई हैं जिसके लिए वह बधाई की पात्र हैं। यों इस एमेंडमेंट को बहुत पहले सदन के सम्मुख आ जाना चाहिए था। जो छूट हमें पैरिस कनवैंशन में मिली है उसका उपयोग तब और भी पहले से हम कर सकते थे। फिर भी अब आपने जो एक साहसपूर्ण कदम उठाया है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।

सबसे पहले लाभ यह होगा कि एडवांस्ड मुल्कों में जहां विज्ञान आदि विषयों की किताबें छपती हैं वे हमारे यहां भी उपलब्ध हो सकेंगी और सस्ते दामों पर हमें मिल सकेंगी। लेकिन एक चीज मेरी समझ में जो आती है यह है कि हमारा कई अन्य देशों के साथ, विशेषकर ब्रिटेन, अमरीका रूस आदि के साथ कुछ कांट्रेक्ट हुआ है टेक्नोलोजी सम्बन्धी किताबों के बारे में जिनको हम यहां पर प्रकाशित कर सकते हैं और कहीं ऐसा न हो कि उस कांट्रेक्ट की जो प्राविजंज हैं वे इस एमैंडिंग एक्ट की प्राविजंज से क्लैश न करें। अगर ऐसा है तो जो लाभ आप उठाना चाहते हैं वह लाभ भारत के लोगों को ज्ञान के सन्दर्भ में नहीं मिल पाएगा। इस वास्ते इसको भी आपको देख लेना चाहिए।

भारतीय लेखक आज एक्सप्लायटेशन के बहुत अधिक शिकार हैं। इस एमैंडिंग एक्ट से उनका यह शोषण रुकेगा। यह विवाद की बाद नहीं है कि प्रकाशक आज लेखक, कवि, गायक की मजबूरी का लाभ उठाते हैं जब तक उस व्यक्ति का नाम नहीं बिकने लगता है तब तक अपनी टर्म्ज को उसके सामने डिक्टेट करने की कोशिश करते हैं। मैं समझता हूं कि इस अमैंडमेंट के बाद लेखक, कवि और गायक को और अधिक सुविधायुक्त तरीके से कन्ट्रेक्ट करने की आजादी मिल सकेगी। कहीं पर कोई विवाद होगा उसका कापी राइट बोर्ड देखेगा। लेकिन क्या इस कॉपी राइट बोर्ड का गठन पूर्ण है ? नहीं। इसको और ब्राड वेस्ड होना चाहिए ताकि

जो हमारे पास पब्लिशिंग टेक्नालाजी है उसका रिप्रजेन्टेशन और अधिक हो सके और साथ ही बोर्ड की मिटिंग का समय भी तय होना चाहिए ताकि वह जल्दी जल्दी हो सके और उसका एक पीरियड निश्चित होना चाहिए ताकि जो भी मामले इनके सामने आये उन विवादों का निपटारा हो सके और कोपी राइट बोर्ड अपनी पावर्स को एक्सरसाइज कर सके। आपके मंत्रालय को केवल एक्ट बना देने मात्र से ही छुट्टी नहीं ले लेनी चाहिए बल्कि उनको कलोज मानीटरिंग करनी चाहिए। अन्यथा जो लाभ आप इन लेखकों, कवियों और गायकों को देना चाहते हैं। वह उनको नहीं मिल सकेगा।

16.21 hrs

(Shri Rajendra Kumari Bajpai *in the chair*

इस संशोधन के बाद प्रकाशक जो ऐक्स-प्लायटेशन करते हैं नए लेखकों का मुझको डर है कि वह शायद नहीं रुकेगा क्योंकि इस बिल में ऐसा कोई प्रोवीजन नहीं है जिसके जरिये आप रायल्टी की सीमा लांघ सकें। आज एक नया लेखक है, कल उसका नाम बिकने लगता है, और जब उसका नाम नहीं बिकता था उस समय जो कोपी राइट दिया है, तो जब नाम बढ़ जाता है उस लेखक का उस पीरियड का उसको लाभ नहीं मिलता है। इसलिए इसका भी प्रावधान होना चाहिए ताकि प्रकाशक जो फायदा उसको हो रहा है जब उसका नाम बिकने लगता है तब उन लेखकों, कवियों या गायकों को बैक डेट से उसका लाभ मिल सके, प्रोपर रायल्टी उनके काम की मिल सके। यह व्यवस्था जरूर होना चाहिए।

आज जितनी तेजी से पब्लिशिंग टेक्नालाजी बढ़ रही है उसी के हिसाब से जालसाजी भी बढ़ रही हैं, और कई माननीय सदस्यों ने ठीक ही कहा कि किस प्रकार हमारी अर्थ-व्यवस्था को इससे नुकसान हो रहा है। इस जालसाजी के कारण नकली साहित्य जो बाजार में आ रहा है उससे हमारे समाज की विचारधारायें गंदी हो रही हैं। इसको रोकना जरूरी है।

आपका जो कोपी राइट ऐक्ट है इसके तहत कानून में प्रावधान है कि आप कोर्ट में जा सकते हैं। मगर आपको मालूम है लिटि-गेशन कितना मंहगा है। मेरा सुझाव है कि आप इस कानून को काग्नजेबिल बनाना चाहिए तभी काम बनेगा। और जब तक ऐसा नहीं करेंगे जाली और सस्ता साहित्य तब तक बिकता रहेगा और पुलिस तथा लॉ एन्फोर्सिग एजेन्सीज कोई काग्नीजेंस नहीं ले पायेंगी। इसलिए इस बात का भी इसमें प्रावधान होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं आपको और आपके मंत्रालय को यह संशोधन विधेयक लाने के लिए बधाई देता हूं।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर) : माननीय सभापति महोदय, यह जो विधेयक मंत्री महोदय ने सभा में प्रस्तुत किया है इसका मैं समर्थन करता हूं। समर्थन करते हुए मैं शिक्षा मंत्री को धन्यवाद देता कि उन्होंने ऐसा महत्वपूर्ण बिल एक ऐसी स्थिति में प्रस्तुत किया है जब कि इसकी आवश्यकता थी।

मेरे इस मत से पूरा सदन सहमत है कि साहित्यकार समाज का निर्माता होता है, राष्ट्र का मनोबल ऊंचा उठाने में, राष्ट्र की अखंडता और प्रभुसत्ता को बनाये रखने में, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को बनाये रखने में उसका

[श्री रामनाथ सोनकर शास्त्री]

बहुत बड़ा हाथ है। सम्प्रदायिक सद्भावना में जितना महत्वपूर्ण योगदान साहित्यकार अपने साहित्य से देता है उतना और कोई दूसरी चीज हमारे देश में अथवा अन्य देश से नहीं देती है। लेखक, कवि और साहित्यकार अपनी रचना से देश में सत्यम्, शिवम् सुन्दरम का वातावरण उपस्थित करता है। इतने महत्वपूर्ण कार्य के बाद भी हमारे देश में लेखकों की स्थिति दयनीय है जो किसी से छिपी हुई नहीं है।

इस विषय में शिक्षा मंत्री ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है वह बहुत सराहनीय है। इस देश में बाल्मीकि, कालिदास, तुलसीदास, सूर सभी हुए और सभी चले गए लेकिन उनकी रचनायें आज भी अमर हैं। उनकी अमरता के साथ-साथ हम यदि उनकी तत्कालीन स्थिति को देखते हैं तो ऐसा लगता है कि उन्हें सम्मान तो प्राप्त था, किन्तु उनकी जिन्दगी ऐसे ही गुजरी जैसे एक सामान्य आदमी की गुजरती है।

मुंशी प्रेम चन्द की अभी कुछ दिन पहले मृत्यु हुई थी। निराला और प्रसाद की मृत्यु भी हुई थी। इन सब की जिन्दगी इतनी दयनीय गुजरी, जिसका वर्णन करके मैं इस सदन का समय नष्ट नहीं करना चाहता।

श्री फणीश्वर नाथ रेणू की हालत इतनी खराब थी कि अन्तिम समय में उनके पास इतना पैसा नहीं था कि वह एक इंजेक्शन भी लगवा सकें। इन सारी स्थितियों के दरम्यान यदि सोचा जाये तो यह विधेयक कुछ अपूर्ण लगता है।

इस बिल को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि आज लेखक का फायदा इसी में है कि उसकी मृत्यु हो जाये। बड़े आश्चर्य की बात है यदि आप और हम लेखक हैं तो हमारी मृत्यु हो जाये तभी हमको लाभ मिलेगा, हमारी जीवित जिन्दगी में इससे लाभ नहीं मिलेगा।

इस संदर्भ में कुछ नजीरें पेश कर रहा हुं। आज समाज में साहित्य को यदि गौर से देखते हैं तो उस पर एकाधिकार प्रायः प्रकाशकों का उत्पन्न हो गया है।

मैं भी लेखक हूं, मैंने 35,40 पुस्तकें लिखी हैं और मैं इसका सबसे बड़ा भुक्तभोगी हूं। आज से 10 वर्ष पहले जब मैं अपनी पुस्तक छपवाने के लिए प्रकाशकों के पास गया तो वे यही कहते थे कि आपकी किताब हम छापेंगे, लेकिन इस शर्त पर कि आपका नाम उस पर नहीं रहेगा। हमारी किताब होगी, लेकिन उसपर हमारा नाम नहीं होगा।

कापी राइट के नाम से जो पुस्तकें छप रही हैं, आज स्टालों पर चलकर आप देखिए कि इतनी किताबें हैं जिनका कापी राइट है ही नहीं। उसके लेखक का कोई पता ही नहीं है।

कई बार ऐसे मामलों को हाउस में उठाया गया। जो पुस्तकें स्टालों पर आजकल आ रही है वे जो बहुत बिक रही है लेकिन उनके लेखक हैं 'सरिता, राजवंश, समीर, लोकदर्शी, राजमोहन और अमिताभ। ऐसी पुस्तकों की संख्या सैंकड़ों हजारों हैं और यदि यह देखें कि इनके लेखक कौन हैं और उनका पता क्या है, तो कुछ नहीं मिलेगा। आज इतना बड़ा फ्राड लोगों के साथ हो रहा है। इस बिल में इसकी भी कुछ व्यवस्था होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आया है। मंत्री जी इसका भी उत्तर दें।

जितना शोषण साहित्य जगत में लेखकों का हुआ है और आज हो रहा है, उतना

शायद और किसी क्षेत्र में चाहे उद्योग हो या अन्य कोई हो, उसमें नहीं हुआ है ।

नागार्जुन जी बिहार के एक लेखक हैं । बिहार में उन्हें अपनी किताबों पर ठीक परिश्रमिक नहीं दिया जाता था । अन्त में उनको बिहार छोड़ कर उत्तर प्रदेश आना पड़ा । प्रेमचन्द के "गोदान" को सब लोगों ने पढ़ा होगा । आपको जानकर आश्चर्य होगा कि "गोदान" 50 रुपये की रायल्टी पर मुंशी प्रेमचंद द्वारा गरीबी में बेच दिया गया था ।

हम मंत्री महोदय को बहुत अरसे से जानते हैं । उनके पति खुद एक लेखक—एक उच्च कोटि के लेखक—थे । उनके साथ क्या बीती है, यह मंत्री महोदय को अच्छी तरह से ज्ञात होगा । आज वह हम लोगों के बीच में नहीं हैं, मगर उनकी आत्मा और उनका दर्द हम लोगों के बीच नजर आ रहा है ।

हमारे एक मित्र है दिनेश भारती । एक दिन उनके साथ हमारी बातचीत हो रही थी । हमने पूछा कि आज-कल क्या कर रहे हो, हम तुम्हारी रचनाएं रेडियो पर सुनते हैं । उन्होंने कहा कि क्या बताऊं, मैं जी रहा हूं जीने के लिए । हमने कहा कि अपना नाम बदल कर कुछ काम करो । उन्होंने कहा कि भारत हमारा राष्ट्र है, मैं अपने नाम के साथ "भारती" लगाता हूं, मेरा नाम राष्ट्र का प्रतीक है, कैसे बदलूं ? जिस व्यक्ति की यह भावना हो, उसकी स्थिति यह है कि उस के पास पहनने के लिए एक पैंट भी नहीं है । जब श्री बसन्त साठे सूचना और प्रसारण मंत्री थे, तो मैंने दिनेश भारती को उनसे मिलाया और कहा कि वह उनकी कुछ सहायता करें । श्री साठे ने कहा कि ठीक है । लेकिन केवल "ठीक" कहने से काम नहीं चलेगा । इस बिल के माध्यम से इन बातों पर ध्यान देना चाहिए । नेपाली जी के परिवार के लोग बम्बई में फुटपाथ पर घूम रहे हैं ।

मैं देखता हूं कि दिल्ली में बहुत सी किताबों की दो-दो लाख प्रतियां एक बार छपती हैं, लेकिन राइटर को बताया जाता है कि दस हजार प्रतियां छपी हैं । अगर किसी पुस्तक की बीस हजार प्रतियां छपती हैं तो लेखक को बताया जाता है कि एक या दो हजार छपी हैं । लेखकों का इतना बड़ा शोषण हो रहा है । कपड़े तथा दूसरी चीजों के लिए स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन और अन्य कारपोरेशन बने हुए हैं, लेकिन पुस्तकों के व्यापार के लिए कौन सा कारपोरेशन है ? —कोई नहीं है । इस बिल में इस बार भी ध्यान देना चाहिए था ।

यह बिल काफी दिनों के बाद काफी सोच-समझकर लाया गया है । मैं गुजारिश करता हूं कि यदि हो सके तो इसको एक संयुक्त प्रवर समिति को सौंप दिया जाए और चार छः महीनों के बाद इसको और अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया जाए, ताकि मंत्री महोदय को यह श्रेय मिले कि उनके शिक्षा मंत्रित्व-काल में उपेक्षित और शोषित लेखकों के लिए कुछ किया गया है । लेखकों के हितों की रक्षा और उनको मदद देने के लिए इस बिल में कोई प्रावधान नहीं है ।

टेकनिकल तथा अन्य पुस्तकों की ट्रांसलेसन की दर के बारे में भी इस बिल में कोई व्यवस्था नहीं है । ट्रांसलेशन के लिए जो मन में आया, वह दे दिया जाता है । मैं आपको एक उदाहरण देता हूं । जब हम लोग एम० ए० (सोशियोलोजी) में पढ़ते थे तो

[श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री]

एक पब्लिशर साहब ने कहा कि पैनालोजी की एक बहुत अच्छी किताब का—मैं उसके राइटर का नाम भूल गया हूं - अपने अध्यापक से पूछ कर या स्वयं अनुवाद कर दीजिए, इसके लिए आपको बहुत अच्छा पुरस्कार दिया जाएगा। हमारे पूछने पर उसने बताया कि तीन रुपये प्रति पेज दिया जाएगा। एक दूसरे राइटर ने उसका अनुवाद किया, जिसको वाराणसी के एक मशहूर प्रकाशन गृह द्वारा छापा गया। उस पुस्तक के अनुवाद का चार रुपये प्रति पेज दिया गया। इस बिल में लेखन और अनुवाद के लिए व्यवस्था करनी चाहिए और इसके लिए एक बोर्ड बनाना चाहिए।

दूसरी एक सबसे बड़ी बात है कि लेखक किताब लिखता है, उसके बाद वह पढ़ता भी हैं। बाजार में वह जाता है, किताब खरीदता है। हम भी कभी कभी बाजार में जाते हैं किताबें खरीदते हैं। हमारी भी किताब बाजार में बिकती रहती है, उनको भी हम देखते हैं। बहुत सी ऐसी किताबें है जो कि छापी गई बहुत पहले, आज हमारे पास उन की कापी नहीं है, हम सोचते हैं कि बाजार में जाएं और खरीद लें। किसी मित्र को देने के लिए लेकिन हम को भी उनका उतना ही मूल्य देना पड़ता है। यदि आपकी कोई किताब है जो 40 रुपये की है, मैं लेखक हूं, मुझे आपकी किताब की जरूरत है लेकिन मेरी पाकेट एलाऊ नहीं करती कि 40 रुपये में वह किताब खरीदूं। इसलिए मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय को इस बिल में कुछ ऐसा भी क्लाज जोड़ना चाहिए कि जो लेखक हैं उनको कुछ सस्ते दर पर किताबें प्रकाशकों से मिलें।

बहुत से लेखक आज गुमनाम जिन्दगी व्यतीत कर रहे हैं। बहुत से लेखक मर गए या आज हमारे बीच में नहीं हैं। बहुत सी पुस्तकें ऐसी हैं कि जिन के लेखक अज्ञात हैं, जिनके लेखक के नाम का पता नहीं है। वे भारतीय संस्कृति से सम्बन्धित पुस्तकें हैं। रामचरितमानस को ले लीजिए, महाभारत को ले लीजिए, गीता को ले लीजिए, अभिज्ञान शाकुन्तलम और मेघदूतम् को ले लीजिए, ये सब पुस्तकें जो हैं इन की बराबर की प्रिंटिंग हो रही है और बाजार में ये बिक रही हैं। मैं जानना चाहता हूं सरकार से कि क्या इस बिल को पेश करने के पहले इस बात का पता लगाया गया कि इन की रायल्टी किसके पास जाती हैं जिनकी लाखों करोड़ों प्रतियां हिन्दुस्तान में बिकती हैं। रामायण है, महाभारत है, गीता है, इनकी रायल्टी किसके पास जाती है ? मैं चाहता हूं कि इस बिल में एक ऐसी क्लाज जोड़ी जाय कि जिसके जरिए से ऐसी किताबों की रायल्टी सरकार को मिले या ऐसी व्यवस्था की जाय कि जिस लेखक की मृत्यु हो गई हो, पचास साठ साल के बाद उसकी किताबें रीप्रिन्ट होती हैं, उसके परिवार का कोई व्यक्ति आज नहीं है तो उस की सारी की सारी रायल्टी सरकार के पास आनी चाहिए।

बहुत सी ऐसी किताबें हैं जो बहुत मंहगी हैं जिनको आम पब्लिक नहीं खरीद पाती जैसे इंटरनेशनल इण्डिया की कीमत 400 रुपये है, एक किताब है भारत की भयावह स्थिति, उसकी कीमत 150 रुपये है। हम निवेदन करेंगे कि सरकार की तरफ से सरकारी कोष से इसमें कुछ रियायत देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

बहुत से विवाद होते हैं लेखकों और प्रकाशकों के बीच में, उनमें मुकदमें होते

हैं। यदि यह बिल लाना है तो मैं चाहूंगा कि कुछ ऐसे विवादों को हल करने के लिए भी सरकार की ओर से कुछ निर्देशन देने की बात होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि इस बिल में उसका प्रावधान होना चाहिए।

विदेशी साहित्य बहुत सा है जो कि विदेशों में छपता है और हमारे यहां आता है। हमारे पब्लिशर उसको चोरी से छाप लेते हैं। इससे देश की भी बदनामी होती है और राष्ट्र का अपमान भी होता है। इस बिल में और बहुत सी ऐसी चीजें होती हैं जिससे कि तमाम परेशानियां होती हैं। इसका भी वर्णन किया जाए और इस समस्या को भी हल किया जाये।

कुछ ऐसे लेखक हैं जो कि हिन्दुस्तान में हैं। विदेशों में उनकी रायल्टी पड़ी हुई है। फणीश्वर नाथ रेणु जी अभी मर गए, उनकी काफी रायल्टी विदेशों में बकाया है। उसके लिए भी कुछ व्यवस्था बिल में होनी चाहिए थी कि हमारे जो ऐसे लेखक हैं उनको वह पैसा प्राप्त हो सके।

हमने इस बिल को पढ़ा। इसमें तीसरे नम्बर का जो क्लाज है उसमें लिखा है कि जिसके रचयिता भारत के नागरिक हों, जो भारत में प्रथम बार प्रकाशित की गई है, जिसके रचयिता किसी प्रकाशित कृति के भारत के नागरिक हों उस सम्बन्ध में खण्ड ख और फ का लोप किया जायेगा। ये तीन बातें तो हो गईं लेकिन कोई व्यक्ति यदि हमारे मुल्क का विदेश में जाकर रह रहा है। और वे हमारे यहां के बारे में पुस्तके लिखते हैं तो क्या होगा ? क्या उसकी रायल्टी हमारे देश को मिलेगी ? जैसे हम उनकी किताबों को मान लेते हैं क्या उसी तरह से वह हमारी किताबें मानी जायेंगी या नहीं ?

अन्त में मैं मन्त्री महोदय का ध्यान मूल अधिनियम की धारा (17) (8) भाग (ग) की ओर दिलाना चाहूंगा। जहां तक मैं समझता हूं भाषण दिया मैंने और अनुवाद किया आपने तो रायल्टी मिलेगी आपको और मैं जीरो रह जाऊंगा। मैं विशेष रूप से चाहूंगा कि मंत्री जी इसको जरा ध्यानपूर्वक देखें और यदि वैसी ही बात है जैसी कि मैं समझ पाया हूं, तो इसके लिए प्रावधान बनाएं और इसे ठीक कर दें।

वैसे तो मुझे बहुत सारी बातें कहनी थीं लेकिन घंटी बज रही है। मैं अपनी बात समाप्त करते हुए कहूंगा कि यह बिल जो आपके आफिशियल कर्मचारियों ने बनाया है उन्होंने इस बिल में कुछ ऐसे मार्ग बना दिए हैं जिनके कारण काफी मुकदमेबाजी हो सकती है। मैं समझता हूं इसको बहुत संक्षिप्त रूप में लाया जाना चाहिए था और सीधे-सीधे प्रस्तुत करना चाहिए था।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं कि आपने इस अहम मसले पर, जो हिन्दुस्तान के लेखकों का सबसे बड़ा मसला है, सोचा और यह बिल यहां पर प्रस्तुत किया। बेहतर तो यही होता कि, हालांकि यह बिल राज्य सभा से पास हो चुका है लेकिन यहां पर पास करने से पहले एक संयुक्त प्रवर समिति बनाकर इस पर वहां विचार किया जाता और उसके बाद यहां से पास होता।

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : सभापति महोदय, मैं इस संशोधन विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। पेश्तर इससे कि मैं अपनी बात प्रारम्भ करूं मैं भारत सरकार की शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कौल को बधाई देना चाहता हूं कि

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

उन्होंने बड़ी समझदारी और सूझ-बूझ तथा साहित्य में अपनी रूचि दिखाते हुए इस विधेयक को यहां पर पेश किया। मैं समझता हूं इसके द्वारा भारत जैसे निर्धन देश के लेखक और साहित्यकार लाभान्वित हो सकेंगे। जहां तक मैंने समझा है, इस विधेयक का उद्देश्य लोगों को उचित मूल्य पर किताबें उपलब्ध कराना, प्रकाशकों को प्रोत्साहन देना और लेखकों की सहायता करना है। लेखक, कवि और साहित्यकार समाज का दर्पण होता है, राष्ट्र का निर्माता होता है और वह एक नया रास्ता दिखाता है। अभी बहुत से साथियों ने यहां पर अपने अमूल्य विचार प्रकट किए हैं, उनके साथ मैं भी अपने को सम्बद्ध करता हूं तथा यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश में लेखकों, कवियों तथा साहित्यकारों की बड़ी शोचनीय दशा है जिसको सुधारने में यह विधेयक बड़ी हद तक कारगर साबित हो सकेगा। जिस भारतीय रचयिता अथवा लेखक की मृत्यु हो चुकी है या जिसके ठौर-टिकाने का पता नहीं है या जिस कापीराइट के स्वामित्व की खोज नहीं की जा सकती है, उस साहित्य को प्रकाशित करने की सुविधा मिल सकेगी। इस बात से सभी लोग भलीभांति परिचित हैं कि हमारे देश में लेखकों, कवियों तथा साहित्यकारों की क्या दुर्दशा है। यह बात नहीं होती तो महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन, उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द और महाकवि पं० सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला आदि की किन हालात में उनकी मृत्यु हुई है। जीवन भर उन्होंने सरस्वती की पूजा की है, जीवन भर उन्होंने लेखनी की पूजा की है, जीवन भर रात दिन जागकर और दिन में आराम हराम करके उन्होंने जिस साहित्य का सृजन किया है, लेकिन उनकी क्या दुर्दशा हुई है इस बात से सभी साहित्य प्रेमी और आप भी अच्छी तरह से परिचित होंगे। इसका वर्णन करने के लिए मेरे पास कोई उचित शब्द नहीं है।

मैं इस बात का हामी हूं कि जो जो लेखक मेहनत करता है, परिश्रम करता है, खून-पसीना बहाता है, उसको मेहनत का फल अवश्य मिलना चाहिए। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि उन को रायल्टी मिलनी चाहिए और उचित रायल्टी मिलनी चाहिए। आम तौर पर इस वक्त की स्थिति को देखते हुए हर आदमी इस बात को कहता है कि लेखकों, कवियों और साहित्यकार का शोषण प्रकाशकों द्वारा किया जाता है। बहुत से माननीय सदस्यों ने इस बात की ओर अपका ध्यान आकर्षित किया है। उनके इस आधिपत्य पर सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए। इस पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। क्योंकि जो आदमी मेहनत करता है, उसको उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए। जो पैसे का खेल खेलते हैं, पैसे का व्यापार करते हैं, जो लिखते नहीं हैं, कलम चलाना नहीं जानते हैं, ऐसे लोग पैसे के बल पर उनकी मेहनत से फायदा उठा लेते हैं। इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि इस पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।

जन साधारण को पुस्तकें उनकी क्षमता के अनुसार मूल्य पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साधारण परिवार का कोई भी व्यक्ति इतनी मंहगी पुस्तकें खरीदने में समर्थ नहीं हो सकता है। जिससे वह ज्ञान को अर्जित कर सकें। इस लिए इस पर भी सरकार को गम्भीरता पूर्वक ध्यान देना चाहिए। इसके लिए मेरा सरकार से निवेदन है कि प्रकाशकों को अच्छा कागज सस्ती

कीमत पर ग्रौर अच्छी आधुनिक मशीनें दिलवाने में उनको सहायता करनी चाहिए। प्रिन्टिग से सम्बन्धित जो भी सुविधायें हैं, वे उनको मुहैया करानी चाहिए।

ऐसा देखने में ग्राया है कि लोग कापी-राइट नियम का उल्लंघन करते हैं। चोरी छिपे पुस्तकें छापते हैं और कालाबाजारी करते हैं, तस्करी भी करते हैं। यह एक राष्ट्रीय ग्रपराध है। मैं समझता हूं कि चोरी छिपे पुस्तकों को छापना और उनको बेचना उनका हक छीनना है जिन्होंने मूल रूप से उस ग्रंथ की रचना की है। पुस्तकें ही नहीं संगीत के टेपों और रिकार्डों का निर्माण करके उनको चोरी छिपे विदेशों में भेजा जाता है। इस प्रकार भी पैसा कमाया जाता है। इस पर सरकार को बड़े ध्यान से विचार करना चाहिए।

एक बात मैं विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि पाश्चात्य देशों की तरह हमारे देश में भी ग्रश्लील साहित्य की भरमार है। ग्राप किसी भी रेलवे बुक स्टाल या सरकार की आज्ञा से चलाए जा रहे किताब घर में जाएं या ग्राप रेलवे में सफर करने जाएं तो इस प्रकार की की किताबें लेकर वहां लड़के बेचते हैं। कभी कभी तो उन पुस्तकों में इतना अश्लील साहित्य होता है कि उसको पढ़ने को मन नहीं करता है। यदि किसी तरह से हमारे नवयुवक ले लेते हैं तो उससे उनका भविष्य नहीं बनता हैं, बल्कि बिगड़ता है। उन पर बड़ा खराब असर पड़ता है। हमारा देश ऋषियों-मुनियों की भूमि है, इसलिए ऐसा साहित्य हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता है। इसलिए हमारे देश की संस्कृति ग्रौर रीति-रिवाजों को देखकर ही पुस्तकों की रचना होनी चाहिए। अश्लील पुस्तकों को छापने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और उनको पकड़ कर कड़ी सजा देनी चाहिए। इस ग्रपराध को संगीन अपराध करार दिया जाना चाहिए।

श्रीमन्, साहित्यिक-चोरी की समस्या भी अपने ग्राप में एक अजीब सी बात है। अक्सर अखबारों में पढ़ने में आता है—जो फिल्म बनती है, उसके खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया जाता है कि यह कहानी मेरी है, किसी ने चुरा कर इस कहानी की फिल्म बना दी है। बहुत सी पुस्तकें चोरी-छिपे छप जाती है और उनमें प्रकाशकों का बहुत बड़ा हाथ होता है। इसी लिए ग्राज प्रकाशन उद्योग के सामने एक बहुत गम्भीर संकट है ग्रौर यह संकट तभी दूर हो सकता है जब कि कोपी-राइट-बोर्ड पर नकेल पेड ग्रौर यह नकेल सरकार ही डाल सकती है। जो आदमी कापी राइट का उल्लंघन करे उसको कड़ी से कड़ी सजा देने का प्रावधान होना चाहिए।

मैं ज्यादा समय न लेकर यही निवेदन करना चाहूंगा—जो लेखक बड़ी मेहनत कर के कोई कृति तैयार करता है, वे प्रायः गरीब परिवार के होते हैं, प्रकाशक लोग उनका शोषण करते हैं, उनको सही रायल्टी नहीं देते हैं, 6 महीने और साल भर के लिए लटका देते हैं, कभी भी समय पर उनको पैसा नहीं मिल पाता है। ये कुछ ऐसी बातें हैं जिन पर गौर किया जाना चाहिए। मैं समझता हूं—ग्राज लेखकों और प्रकाशकों के सामने जो समस्यायें हैं, उनकी जो दिक्कतें हैं—उनका समाधान करने में यह विधेयक अवश्य सहायता करेगा।

[श्री चन्द्रपाल शैलानी]

इन शब्दों के साथ, सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं, आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं मानीय शिक्षा मंत्री जी के प्रति भी हृदय से आभार प्रकट करता हूं, उनको धन्यवाद देता हूं—एक अच्छा विधेयक लाकर उन्होंने साहित्य की सेवा की हैं, देश की सेवा की है, राष्ट्र की सेवा की है।

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदया इस विधेयक का साधारणतया स्वागत ही किया जाना चाहिए और मैं भी स्वागत करता हूं। क्योंकि कापी-राइट कानून से 1957 से न लेखक ही सन्तुष्ट थे और न प्रकाशक। लेखक समझता था कि कानून की सहायता से उनको लूटा जा रहा है और प्रकाशक की धारणा थी कि कानून में उनके हितों की रक्षा के लिए यथेष्ट प्रावधान नहीं है। 1957 "परिमल" की गोष्ठि में लेखकों और प्रकाशकों के बीच जो समस्यायें उत्पन्न हुई उनको रेखांकित किया गया। 'आथर्ज-गिल्ड' ने भी कापी-राइट एक्ट की कमियों का बहुत जिक्र किया था।

एक समस्या जिसका काफी जिक्र किया गया है—वह है जाली पुस्तकों की समस्या। आज बाजार में जाली पुस्तकें बहुत बड़ी संख्या में आ नई हैं, बल्कि जाली लेखक भी बहुत बड़ी संख्या में पैदा हो गये हैं जिनकी चर्चा हमारे सोनकर शास्त्री जी ने की है। इन जाली पुस्तकों के कारण और पुस्तकों के तस्करी के कारण सरकार को बहुत घटा हो रहा है, जो आयात शुल्क इन पुस्तकों के द्वारा सरकार को मिलने वाला था, वह तस्करी के कारण नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में मेरी समझ में नहीं आता कि इस कानून के तहत तस्करी के अपराध को नान-काग्निजिबिल क्यों रखा गया है, जिसके कारण ऐसी मामलों में पुलिस हस्तक्षेप नहीं करती है। मामले अदालतों में जाते हैं इतने लम्बे चलते हैं तथा खर्चीले होते हैं कि बहुत कम लोग इस की ओर ध्यान देते हैं, बहुत कम लोग इस कानून का लाभ उठा पाते हैं। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इस संशोधन से सन्तोष न कर लें और इस संबंध में एक काम्प्रिहैन्सिव बिल की बात सोचें जिसमें सभी बातों के लिए कानून में व्यवस्था हो।

सभापति जी, हिन्दुस्तान में लेखक एक अरक्षित प्राणी है और उसका इसी प्रकार से शोषण होता है जैसे एक मेहनतकश का होता है। इसलिए बहुत अधिक लोग— दो-चार-दस को छोड़कर—सारे के सारे अपने लेखन से, अपनी कृतियों से, कोई आर्थिक लाभ नहीं उठा पाते। उसका लाभ अधिकतर प्रकाशक ही ले जाते हैं। स्टेटिस्टिक्स देखिए, 95 प्रतिशत लेखकों की हालत दर्दनाक है। उनके प्रकाशक उनकी तुलना में मालामाल हैं। इसका कारण यह है कि 1957 के कापी-राइट एक्ट में लेखकों को पर्याप्त संरक्षण नहीं दिया गया है, अब जो संशोधन लाया गया है, इसमे भी मेरा ख्याल है कि उनको पर्याप्त संरक्षण नहीं मिल पाएगा। पुराने 1957 के कानून में धारा 31(1) के अनुसार लेखक कापीराइट का अधिकार बाजार में बेच सकता है और प्रकाशक उसको पूरी तरह से खरीद लेते हैं। आप जानते हैं कि लेखक आर्थिक रूप से मजबूर होता है और उसकी इस मजबूरी का लाभ उठाकर उससे कापी राइट का पूरा अधिकार खरीद लिया जाता है। इसमें इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए कि लेखक अगर कापी राइट का अधिकार प्रकाशक को दे भी दे तब भी वह अधिकार उनको कुछ दिनों के बाद अपने

आप वापिस मिल जाए।

कहते हैं कि इसमें अनुबंध पत्र होता है। अनुबंध पत्रों में प्राय: यही होता है कि कापी राइट का पूरा अधिकार प्रकाशक को मिल गया। इसका नाजायज फायदा प्रकाशक उठाते हैं। मेरा कहना है कि उस अनुबंध पत्र द्वारा लेखक को यह अधिकार दिया जाए कि कुछ दिनों के पश्चात् कापीराइट का अधिकार उसको वापिस मिल जाएगा। लेकिन होता इसका बिल्कुल उल्टा है। धारा 31 (1) के अनुसार यदि लेखक न भी चाहे तब भी प्रकाशक द्वितीय संस्करण छापने की अनुमति अदालत से प्राप्त कर सकता है। अजीब बात है। प्रकाशकों के हितों का रक्षा तो कर दी गई लेकिन लेखकों के हितों की रक्षा का ध्यान नहीं रखा गया। लेखकों को प्रकाशकों के आगे खुला छोड़ दिया गया है। इसलिए मेरा सुझाव है कि इसमें आप इस तरह का प्रावधान करें कि प्रकाशक यदि द्वितीय संस्करण छापने में विलम्ब करे तो लेखक को अधिकार हो कि वह अपना द्वितीय संस्करण कहीं और प्रकाशित करवा ले। इसमें एक खामी और है। वह यह कि लेखक को कैसे पता चलेगा कि प्रथम संस्करण समाप्त हो गया है। एकाउन्ट तो ठीक ढंग से रखा ही नहीं जाता। लेखक को पता ही नहीं चलता है कि प्रथम संस्करण समाप्त हो गया। 31 (1) के अनुसार तो प्रकाशकों को द्वितीय संस्करण छापने का अधिकार अदालत से मिल जाता है। इसमें इस तरह का संशोधन करें जिससे ऐसी व्यवस्था हो कि 5 साल में बाद लेखक को कापी राइट अधिकार फिर वापिस मिल जाए। आपसे आग्रह करता हूं कि आप कोई ऐसी व्यवस्था करें और कोई कंप्रेहेंसिव विधेयक लाएं जिसमें लेखक को 5 साल के बाद पुन: प्रकाशन का सारा अधिकार मिल जाए।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

———

17.00 hrs.

DISCUSSION RE: REPORTED INVESTMENT IN INDIAN INDUSTRIES AND TAKE-OVER BIDS OF INDIAN COMPANIES BY CERTAIN NON-RESIDENT INDIANS

MR CHAIRMAN: We now take up Discsusion under Rule 193. Mr. Ram Vilas Paswan.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): आज हम लोग अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने जा रहे हैं। यह बहुत ही विवादास्पद विषय है और राष्ट्र के लिए बहुत महत्व रखता है। नान-रैजीडेंशल स्कीम की डिटेल्ज में जाकर मैं सदन का समय बरबाद करना नहीं चाहता—चूंकि सदन को मालूम ही है और इस पर देश में काफी चर्चा और विवाद चल रहा है कि स्कीम क्या है, सरकार ने क्या घोषणायें की हैं, बजट में इसके बारे में क्या प्रावधान किया था। मेरे जैसा आदमी चाहेगा कि देश में विदेशी मुद्रा आए, अधिक से अधिक पैसा विदेश का देश में आए। हमारे जो लोग विदेश में हैं हम चाहते हैं कि वे अधिक से अधिक पैसा यहां भेजें। विदेशों में जो लोग रहते हैं उनकी दो तीन गेरीज हैं। एक तो वे लोग हैं कि जो स्किल्ड की श्रेणी में आते हैं, राज मिस्त्री हैं या दूसरे हैं। दूसरे वे हैं जो डाक्टर हैं, इंजीनियर हैं। तीसरे वे लोग हैं जो व्यापारी हैं, जिनका मुख्य पेशा व्यवसाय है, जिनको

[श्री राम विलास पासवान]

किसी दूसरी चीज से मतलब नहीं है सिवाय व्यवसाय के। मौजूदा विवाद ने दो तीन महत्वपूर्ण मुद्दे खड़े किए हैं। एक तो यह है कि किस से विदेशों से पैसा आ रहा है? दूसरे नामों के बारे में है खास कर स्वराज पाल का उस में नाम काफी चर्चित है। क्या यह सही है कि भारतीय कम्पनियों पर हावी होना चाहते हैं। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा है कि हमारे जो उद्योग हैं, जो हमारे यहां के पूंजीपति हैं, जो बड़े बड़े बिग बिजिनैस हाउसिस हैं उनके ऊपर करारा प्रहार हो रहा है, उनका पर्दाफाश हो रहा है। जिन कम्पनियों को लेकर विवाद चल रहे हैं उसमें दो कम्पनियों के नाम काफी चर्चित हैं। एक है स्वराज पाल की तरफ से आने वाली पूंजी जो कैपरो के नाम से है और दूसरे रिलाइंस टैक्सटाइल्ज की है उस में आई हुई पूंजी की चर्चा। मैं सर्व प्रथम सदन का ध्यान रिलाइंस कम्पनी की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह जबाब संसद में किया गया था :

> Details of purchases exceeding Rs. 25 lakhs effected by non-resident investors under the Portfolio Investment Scheme during the period April 1982 to 2nd May, 1983.

इसमें आप देखेंगे कि रिलायेंस टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज में विक्टर इनवैस्टमेंट लिमिटेड यू० के० ने 2 करोड़ 8 लाख, गेनफोर्ड इनवैस्टमेंट्स लिमिटेड यू० के० ने 2 करोड़ 8 लाख थोनेटन इनवैस्टमैंट लिमिटेड यू० के० ने 2 करोड़ 8 लाख, रोमन इनवैस्टमेंट्स लिमिटेड यू० के० ने 2 करोड़ 21 लाख, बमफोर्ड इनवैस्ट्स लिमिटेड ने 2 करोड़ 34 लाख, कार्बन इनवैस्टमेंट्स लिमिटेड यू० के० ने 2 करोड़ 8 लाख, राक्साइड इनवैस्टमेंट्स लि० यू० के० 2 करोड़ 27 हजार 50 हजार इनवैस्ट किया। ये सब रुपये में है। एक है आयोटा इन्वैस्टमैंट लिमिटेड, यू० के०। एक है क्रोकोडाइल इनवैस्टमेंट लिमिटेड, यू० के० इनका है 2 करोड़ 34 लाख, फियैस्को इनवैस्टमेंट, फियैस्को का मतलब होता है घपला, यह भी यू० के० की है इनका 2 करोड़ 34 लाख एक है ट्राइकाट इन्वैस्टमेंट लिमिटेड, यू० के० 42 लाख रु०। तो यह मेरी कम्पनियां हैं जिनकी इसमें पूंजी लगी हुई है। समझ में यह नहीं आता, मंत्री जी बतायेंगे कि इस कम्पनी की पूंजी कितनी है? यह कम्पनियां कौन हैं, इनके मालिक कौन हैं? क्या यह सही है कि इस कम्पनी के पास में 100, 100 पौंड से अधिक की अपनी कोई पूंजी हैं? क्या यह भी सही है कि आम चर्चा यह है कि जो ब्लैक मनी देश में है, वह देश से विदेश में जाता है और वहां से इन कम्पनियों के माध्यम से व्हाइट हो कर आ रहा है? क्या यह भी सही है कि जितनी भी यह कम्पनियां हैं यह सब की सब बोगस हैं? क्या यह बात सही है कि इन कम्पनियों को ब्लैक लिस्टेड भी किया गया था? इनके मालिक कौन हैं? मैं नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन सदन में सबको मालूम है। तो यह है रिलायेंस कम्पनी का इतिहास।

दूसरी कम्पनियां है जो स्वराज पाल की हैं जो भारत में आकर के नैतिकता का बहुत उपदेश दे रहे हैं, जिनका दिल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो रहा है। जो स्वयं 1965-66 में विदेश गये थे और 1970-71 में वहां की नागरिकता ली। सरकार के साथ उनकी क्या सांठगांठ है मुझे नहीं मालूम लेकिन सरकार ने उनकी पद्मभूषण की उपाधि भी दी है। उससे भी बड़ी कोई उपाधि हो, जैसे भारत रत्न की, वह भी यदि सरकार के बस में होता तो उनको मिल जाती। इन

कम्पनियों का जरा ब्यौरा देखिए। मेरे पास उनकी लिस्ट है। कैमरो टी कम्पनी लिमिटेड इनमें इनकी पूंजी है 2 पौंड की। कैमरो प्रौपर्टीज लिमिटेड-100 पौंड, कैमरो इन्वैस्टमेंट्स लिमिटेड-10,100 पौंड, ऐटलांटिक मर्चेन्ट लिमिटेड-25,000 पौंड, श्रीमीर शिपिंग लिमिटेड-1 लाख पौंड। मैं समझता हूं कि 15 लाख रु० में कोई भी जहाज नहीं बना सकता जिसकी कीमत 6, 7 करोड़ होती है। इसी तरह से और भी हैं जो मैं नहीं बताना चाहता, क्योंकि समय ज्यादा लगेगा तो यह कम्पनियां हैं कैपरो की। सदन को मालूम है कि यह जालंधर के रहने वाले थे, इनकी छोटी सी लोहे की दुकान थी, और इनकी एक पारिवारिक कंपनी है जिसका नाम अपीजे है।

अभी चन्द प्यारे लाल ग्रुप के सम्बन्ध में मैंने लोक-सभा से जो तथ्य इकट्ठा किये हैं, उसके मुताबिक ये नम्बर ग्राफ टाइम्स ब्लैकलिस्टेड हुए हैं।

ग्रमीचन्द प्यारे लाल दो बार ब्लैकलिस्टेड हुए 1954 से 1957 में ग्रौर 1963 से 1965 में। सुरेन्द्र ओवरसीज, लिमिटेड, इंटरनेशनल सेनिटरी इंजीनियर्स, इंडिया इंजीनियर वर्क्स, मोटल इम्पोर्ट (प्रा०) लि०, ए० पी० जे० प्राइवेट लिमिटेड, ग्रमीचन्द प्यारेलाल टीन कन्टेनर यूनिट ये सब के सब ब्लैकलिस्टेड हैं।

मैं यह बतलाना चाहता हूं कि इन कम्पनीज के सम्बन्ध में पालियामेंट में लोक-सभा में जो क्वैश्चन हुए थे उनके जवाब में क्या कहा गया था—

लोक-सभा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 23 फरवरी, 1968 को बतलाया गया था—

Aminchand Pyarelal and Co : CBI case against M/s. Aminchand Pyarelal.

Recommendation and action : The charge sheet has been filed in the court of the Chief Presidency Magistrate, Calcutta on 16th December 1967 under section 120 B/420, 420 IPC and section 23 read with Section 4 of the Foreign accused Exchange Regulation Act. The accused have been prosecuted for having cheated the Calcutta Port Commissioner for abtaining Customs Clearance Permit from the Iron and Steel Controller on duplicate documents and for using freight charges in contravention of the Foreign Exchange Regulation Act.

Apeejay Shipping Lines : Circular to the Shipping Commanders disclosed an to attempt cheat. Immediate action taken to foil any such attempt.

Aminchand Pyarelal 8.3.1968 : All the accused have been prosecuted under Section 120B read with section 420 IPC, and section 23 read with section 4 of the Foreign Exchange Regulaton Act.

Apeejay Shipping Company : written answer given in Lok Sabha on May 9, 1968 : in 1962, attempt to cheat— admitted by government. Attemt to cheat government by misuse of empty gunny bags with a view to obviate claim of the Government for shortage. Recommendation and action : No action was taken at that time as action to foil any such attempt had been taken and it may heve lead to trouble for the informant.

Then, I come to——

Apeejay Shipping Company, May 9, 1968 : Attemt to cheat gove-

[श्री राम विलास पासवान]

rnment by transporting in empty gunny bags. Recommendation and action : The then Minister for Food replied in the affirmative that it was an attemt to difraud,.

Apeejay Shipping Lines : May 9, 1968 : Reasons for not taking any action against the company for an attempt to cheat the government.

